




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 11 अगस्त 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 196 | मूल्य - 5 रुपये

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● लांजी ● परसवाड़ा ● सिवनी ● बरघाट ● छपारा ● केवलारी ● गोंदिया - भंडारा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● तिरोड़ा










## कोलंबिया में 7.4 तीव्रता का भूकंप, 47 लोगों की मौत

**बोगोटा (कोलंबिया)।** लातिन अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार को 7.4 तीव्रता के जोरदार भूकंप में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है।

देश के पश्चिमी हिस्से में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए और लोगों को घबराहट में अपने घरों एवं इमारतों से बाहर निकलने को मजबूर होना पड़ा। भूकंप में दर्जनों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

भूकंप के झटके पड़ोसी इक्वाडोर और पनामा में भी महसूस किये गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएस जीएस) और कोलंबिया की संबंधित एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र सैन होज़े डेल पाल्मार में था।

यह जगह कोलंबिया की राजधानी बोगोटा से लगभग 400 किलोमीटर पश्चिम में चोको क्षेत्र में है। यूएसजीएस के मुताबिक भूकंप का केंद्र सतह से 107 किलोमीटर की गहराई पर था।

कोलंबिया के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि यह पिछले एक दशक में देश में दर्ज किया गया सबसे शक्तिशाली भूकंप था। इसके बाद 2.8 और 4.8 तीव्रता के दो झटके भी महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि पेरेइरा शहर में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई है, जबकि मनीजालेस में दो लोगों की जान गई। वाले देल काउका में 27 लोगों की मौत हो गई। मनीजालेस शहर में एक गिरजाघर का टावर ढहकर उसके मुख्य प्रार्थना कक्ष पर जा गिरा।

स्थानीय मीडिया संस्थानों द्वारा साझा किए गए वीडियो में पेरेइरा, कैली और क्विब्दो शहरों में कई मकान क्षतिग्रस्त दिखे हैं। कोलंबिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अबेलार्डो दे ला एस्प्रिएला ने कहा कि देश में आए भूकंप के बाद सैन जोस डेल पालमार में पैदा हुए आपात हालात से निपटने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सरकार की कार्रवाई की कमान संभाल ली है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावित क्षेत्रों में राहत के लिए काम कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि मनीजालेस, क्विब्दो, आर्मेनिया, कार्टागो, बुएनावेंतुरा और पेरेइरा के हवाई अड्डों पर उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं।

## एथनॉल-मिश्रित ईंधन से पर्यावरण और भूमि उपयोग के स्वरूप पर पड़ सकता है खराब असर : विशेषज्ञ

नई दिल्ली, (भाषा)।

*विशेषज्ञों के एक समूह ने पेट्रोल में एथनॉल मिलाने की नीति को लेकर सोमवार को चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस नीति का भूमि उपयोग और कृषि के स्वरूप, खाद्य सुरक्षा, भूजल स्तर तथा घरेलू आय पर गंभीर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि आगे चलकर सरकार को एथनॉल-मिश्रित ईंधन की कीमतें*



कम करनी चाहिए, ताकि वाहनों की ईंधन दक्षता में कमी और उनके पुर्जों में खराबी के कारण होने वाले अतिरिक्त खर्च की भरपाई उपभोक्ताओं को हो सके। इस समूह में 'दिल्ली साइंस फोरम' के वैज्ञानिक और कार्यकर्ता डी. रघुनंदन, कृषि मंत्रालय और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के पूर्व सचिव सिराज हुसैन तथा नीति आयोग के पूर्व सदस्य रमेश चंद शामिल हैं। 'इंडियन वुमेन्स प्रेस कोर' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में रघुनंदन ने कहा कि एथनॉल-मिश्रित ईंधन ने भारतीय कृषि क्षेत्र की दिशा बदल दी है और इसे खाद्य उत्पादन केंद्रित क्षेत्र से ईंधन उत्पादन केंद्रित क्षेत्र में बदल दिया है।

रघुनंदन के अनुसार, उदाहरण के तौर पर एथनॉल उत्पादन के लिए मक्का इस्तेमाल किए जाने के कारण अब देश को अपनी मांग पूरी करने के लिए मक्का आयात करना पड़ रहा है, जबकि पहले भारत इसका निर्यात करता था। उन्होंने कहा, ''एथनॉल-मिश्रित ईंधन की नीति कृषि क्षेत्र में बदलाव ला रही है। इसके इस्तेमाल का पर्यावरण पर भी असर पड़ रहा है, खासकर पानी के उपयोग और कृषि के स्वरूप में बदलाव के लिहाज से।''

चंद ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने चावल और चीनी के अतिरिक्त उत्पादन की समस्या से निपटने के लिए एथनॉल-मिश्रित ईंधन को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा, ''चावल और चीनी की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की गई है, जो अंतरराष्ट्रीय कीमत और खुले बाजार की कीमत से अधिक है। अतिरिक्त उत्पादन की खपत न तो घरेलू स्तर पर हो रही है और न ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी खरीद हो रही है।''चंद ने कहा कि देश के लिए जरूरी है कि धान की खेती के तहत आने वाले बड़े क्षेत्र को मक्का की खेती में बदला जाए। इसकी वजह यह है कि धान की फसल में पानी की खपत काफी अधिक होती है और इससे ग्रीन हाउस गैस मीथेन का भी बड़े पैमाने पर उत्सर्जन होता है।

ब्राजील में एथनॉल-मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल की तुलना पर हुसैन ने कहा कि भारत के विपरीत लातिन अमेरिकी देश ब्राजील इस तरह के ईंधन की ओर अपेक्षाकृत धीमी गति से बढ़ रहा है। रघुनंदन ने सुझाव दिया कि सरकार को फिर से ई10 ईंधन पर लौटना चाहिए, जिसमें पेट्रोल में अधिकतम 10 प्रतिशत तक एथनॉल मिलाया जाता है और ई 20 ईंधन के इस्तेमाल को बंद कर देना चाहिए।

## गढ़चिरौली में स्कूल में सांप ने 06 आदिवासी लड़कियों को डसा, 03 की मौत, जांच के आदेश

**गढ़चिरौली, (भाषा)।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में धनौरा तहसील मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर जापतलाई गांव स्थित सहायता प्राप्त आदिवासी आवासीय स्कूल में जहरीले सांप के डसने से 03 आदिवासी छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 03 अन्य का इलाज जारी है। घटना के बाद जिला प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार आधी रात के करीब हुई। स्कूल के छात्रावास में फर्श पर सो रही छात्राओं को जहरीले सांप ने डस लिया। इनमें से 08, 12 और 14 साल की 03 छात्राओं की मौत हो गई। वहीं, 11 से 14 साल की 03 अन्य छात्राओं का इलाज चल रहा है। जिलाधिकारी अविष्यंत पांडा ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हादसा किस तरह हुआ, क्या छात्राओं के रहने की जगह पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए थे और क्या स्कूल प्रबंधन ने जरूरी सुरक्षा नियमों एवं सावधानियों का पालन किया था। जिलाधिकारी ने जिला सर्जन को निर्देश दिया कि इलाज में किसी भी तरह की कमी न रहे और छात्राओं को विशेष देखभाल उपलब्ध कराई जाए।






## गोंदिया जिले के 13 लोगो संहित 14 जुआरियो को बालाघाट की ग्रामीण पुलिस ने धर दबोचा..

### 1 लाख 50 हजार 200 रुपये नकद के साथ ही 14 एंड्रॉइड मोबाइल और 3 चारपहिया वाहन सहित करीब 38 लाख का मशरूका किया जब्त..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के कड़े निर्देशों के तहत थाना ग्रामीण (नवेगांव) प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश जाट की टीम ने ग्राम खुरसोडी स्थित ओमप्रकाश नगपुरे के गोदाम के टीन शेड के नीचे जुआ खेल रहे 14 आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को 9 अगस्त 2026 को सूचना मिली कि ग्राम खुरसोडी में ओमप्रकाश नगपुरे के गोदाम के टीन शेड के नीचे कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश दी। इस दौरान 14 आरोपी जुआ खेलते हुए पकड़े गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से 1,50,200 नकद, ताश के 52 पत्तों की 3 गड्डियां तथा 14 एंड्रॉइड मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत करीब 2,50,000 है, जब्त किए। इसके अलावा आरोपी ओमप्रकाश नगपुरे से टाटा सफारी कार क्रमांक एमएच 35 एडब्ल्यू 6080, कीमत करीब 21 लाख, आरोपी शिवकुमार खैरवार से विटारा ब्रेजा कार क्रमांक एमएच 35 एजी 6697, कीमत करीब 5 लाख तथा आरोपी कमलेश नगपुरे से किया सोनेट कार क्रमांक एमएच 35 एडब्ल्यू 9183, कीमत करीब 8 लाख जब्त की गई।

इस प्रकार कुल जब्त मशरूका की कीमत करीब 38,00,200 है। इस मामले में अपराध क्रमांक 247/2026, धारा 112 बीएनएस एवं 13 पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार..

नवेगांव पुलिस थाना प्रभारी रमेश जाट ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में 1. ओमप्रकाश उर्फ ओमकार नगपुरे, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम चारगांव, 2. शिव कुमार खैरवार, उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम अर्जुनी, 3. नरेश नागरीकर, उम्र 54 वर्ष, निवासी नागरा, 4. आदित्य तुरकर, उम्र 21 वर्ष, निवासी कन्हारटोला, 5. भरत लिल्हारे, उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम नागरा, 6. कमलेश नगपुरे, उम्र 36 वर्ष, निवासी पांडरा बूढ़ी, 7. मंगल मसकरे, उम्र 44 वर्ष, निवासी ग्राम मरूपार, 8. सुधीर रोडगे, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम चारगांव, 9. रंजीत बरेले, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम चारगांव, 10. विशाल मेंढे, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम सिरपुर, 11. पंकज नगपुरे, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम चारगांव, 12. खेमेन्द्र बिरनवार, उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम चारगांव, 13. जगदीश प्रसाद तिवड़े, उम्र 40 वर्ष, निवासी सावरीटोला सभी 13 जिला गोंदिया एवं 14. ओमप्रकाश दशहरे, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम खुरसोडी, जिला बालाघाट को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नवेगांव (ग्रामीण) उपनिरीक्षक रमेश कुमार जाट, उपनिरीक्षक सकरू सिंह धुर्वे, सहायक उपनिरीक्षक ईगल सिंह मरकाम, प्रधान आरक्षक कमलेश बाहेश्वर, आरक्षक अरविंद गुर्जर, जितेन्द्र बिसेन एवं राजेन्द्र यादव सहित थाना ग्रामीण (नवेगांव) के अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।


## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्प्लेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*




कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



2 मंगलवार 11 अगस्त 2026

जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने अधिकारियों की बैठक लेकर की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***10 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने समय सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ अपर***

कलेक्टर जी.एस. धुर्वे, डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एमआर कोल, विजय यादव, एसडीएम गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में सर्वप्रथम 9 अगस्त से प्रारंभ हुए हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा की गई। सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 17 अगस्त तक अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन करें और आमजन को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करें। जिला शिक्षा अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक, महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को शालाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, नारे लेखन, मेहंदी, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन के निर्देश दिए गए।

### जनसुनवाई के आवेदनों का समय पर निराकरण करने के निर्देश

बैठक में सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। कोई भी आवेदन निराकरण के लिए लंबित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक सोमवार को होने वाली समय सीमा बैठक में जनसुनवाई के प्रकरणों के निराकरण की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच के निर्देश

कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को खाद्य सामग्री तैयार करने एवं विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की प्रतिदिन जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को उनके द्वारा की गई जांच एवं लिए गए सैंपल की साप्ताहिक रिपोर्ट टीएल बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### यह भी दिये निर्देश..

कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने छात्रावासों में अग्निशामक यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, इसी प्रकार खतरनाक भवनों में स्कूल, आंगनवाड़ी और छात्रावास संचालित नहीं करने के निर्देश दिये। किसानों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी, साथ ही स्वरोजगार योजनाओं में ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। स्वरोजगार योजनाओं के ऋण प्रकरण में प्रगति लाने के निर्देश भी कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने दिये, उन्होंने लोक सेवा गारंटी के प्रकरण समय सीमा में निपटाने एवं लापरवाही पर जुर्माना लगाने के भी आदेश दिये। पेंशन व बीमा योजनाओं में अधिक से अधिक पंजीयन कराने पर भी कलेक्टर ने बैठक में जोर दिया। बैठक में एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्राम सडक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निर्माण संभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल पुलियों की शीघ्रता से मरम्मत व सुधार कार्य कराये।

# प्रधानमंत्री मोदी जी के आहवान पर देश में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और आत्मियता बढ़ी - रामकिशोर कांवरे

### संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650 वीं जंयती पर निकलेगी समरसता यात्रा..






**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर प्रारंभ हुआ हर-घर तिरंगा अभियान आज राष्ट्रभक्ति के एक जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। इस अभियान में प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और***

आतमियता की भावना को सशक्त किया है। प्रत्येक वर्ष सभी देश वासी हर्ष और उल्लास के साथ राष्ट्र उत्सव के इस कार्यक्रम में बढचढकर भाग लेते है। यह बात जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई एक आवश्यक बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कांवरे ने कहीं। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे, लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप गुड़डा जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. टीडी वैध, सत्यनारायण अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अजय मेश्राम, डॉ. नरेन्द्र भैरम, प्रदेश मीडिया पैनेलिस्ट निशांत बिसेन, वरिष्ठ नेता अभय सेठिया मंचासिन रहे।

### 25 सिंतबर को होगा प्रतिमाओं का अनावरणः सत्यनारायण अग्रवाल

बैठक में आज 10 अगस्त से 14 अगस्त तक हरघर तिरंगा और तिरंगा यात्रा, 14 अगस्त विभाजन की विभिषिका और संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650 वीं जयंती की व्यापक तैयारियों को लेकर विचार विर्मश कर जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं संगठन के कामकाजों की समीक्षा कर आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय मेश्राम ने संत रविदास जंयती को लेकर प्रस्तावना रखते हुए कहा जयंती के अवसर पर जिले भर में समरसता यात्रा, कलश यात्रा निकलेगी और पूजा अर्चना की जाएंगी। क्रम में जिला महामंत्री संजय मिश्रा ने हरघर तिरंगा अभियान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने जिला भाजपा कार्यालय में प्रस्तावित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थापना के संबंध में रूपरेखा प्रस्तुत की। श्री अग्रवाल ने बताया इन प्रतिमाओं का आगाम 25 सिंतबर पं दीनदयाल जंयती पर अनावरण किया जाएंगा। आगे लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे ने संगठन के कार्यो सभी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण पर प्रकाश डाला। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन कार्य और जनकल्याण के कार्यो में अहम योगदान देने की बात कही। बैठक का सफल मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री डॉ. नरेद्र भैरम ने किया, वहीं आभार जिला मंत्री कन्हैया चौहान ने माना। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने दी। इस बैठक में बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जगप्रेरणा - निधन वार्ता..

### अधिवक्ता के.के. बिसेन की पत्नी श्रीमती कांताबाई बिसेन का दुखद निधन..



#### आज होगा अंतिम संस्कार..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट जिले के पवार समाज के वरिष्ठ सदस्य अधिवक्ता के.के. बिसेन की धर्मपत्नी एवं अधिवक्ता महेन्द्र (मधु) बिसेन की माताजी श्रीमती कांताबाई बिसेन का 72 वर्ष की उम्र में आज 10 अगस्त को दोपहर 3.10 बजे दुखद निधन हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थी। श्रीमती कांताबाई बिसेन अपने पीछे दो पुत्र उत्तम बिसेन एवं महेन्द्र (मधु) बिसेन एवं सुपुत्री श्रीमती प्रतिभा दिलीप चौधरी एवं नाती पोतों संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। श्रीमती कांताबाई चौधरी के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा आज 11 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे बैहर रोड वार्ड नं. 5 निवास से मोक्षधाम जागपुर के लिये रवाना होगी।

## संक्षिप्त समाचार..

### कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त

**जगप्रेरणा बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा जारी मार्गदर्शिका के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण 10 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। यह प्रवेश का अंतिम चरण है। इस चरण में प्रवेश प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी।

प्रवेश केवल रिक्त सीटों पर ही दिया जाएगा। प्राचार्य शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट डॉ. निधि ठाकुर ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी महाविद्यालय पहुंचकर उसी दिन पंजीयन, च्वाइस फिलिंग एवं सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। सीट आवंटित होने के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। प्रवेश प्रक्रिया को सुगम एवं सरल बनाने के लिए महाविद्यालय में हेल्पडेस्क की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

हेल्पडेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश से संबंधित सभी प्रकार की आवश्यक सहायता एवं जानकारी प्रदान की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी 14 अगस्त 2026 तक महाविद्यालय पहुंचकर रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

### सुश्री मौसम बिसेन पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य नियुक्त

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995 तथा संशोधित 2021 की धारा 3(2) के तहत सुश्री मौसम बिसेन को तीन वर्ष अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है।

# अतरी लालबर्रा के पियूष पंचेश्वर का एसआई के बाद अब असिस्टेंड कमांडेट पद पर भी चयन

### एलआईसी के मुख्य सलाहकार अनंत पंचेश्वर व अभिकर्ता संगीता पंचेश्वर के छोटे पुत्र है पियूष पंचेश्वर




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***शिक्षा को अपना लक्ष्य बनाकर चलने वाले बच्चों को अनंतःउनका मुकाम मिल ही जाता है। जो सपने वे पढाई करते करते देखते है। वह सपना एक दिन साकार होता है। इसीलिए कहा जाता है कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जिसे जो पीता है वह दहाडता है। इसी तरह की सफलता***

प्राप्त की है भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता दम्पत्ती अनंत पंचेश्वर व संगीता पंचेश्वर के छोटे सुपुत्र पियूष पंचेश्वर ने। पहले उनका चयन सब इंस्पेक्टर के लिये हुआ और वे सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग ले ही रहे थे कि अब उनका चयन असिस्टेण्ड कमांडेड के पद पर हो गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि दोनो ही पद केन्द्रीय सेवाओं के तहत आते है। जानकारी अनुसार मूलतः लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम अतरी एवं वर्तमान में बालाघाट निवासी अनंत पंचेश्वर के छोटे सुपुत्र पियूष पंचेश्वर ने महज 25 साल की उम्र में अखिल भारतीय स्तर की दो परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। उकी प्रारंभिक शिक्षा महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में हुई फिर केन्द्रीय स्तर की परीक्षा पास करने के बाद 100 बच्चों के साथ उनका भी चयन गुजरात राज्य के बडोदरा में घाटी शक्ति विश्वविद्यालय हो गया। बारहवी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद केन्द्रीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उन्हे महाविद्यालयीन शिक्षा के लिये बडोदरा भेजा गया। जहां अध्ययन करने के साथ ही उन्होने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की और उनका चयन सब इंस्पेक्टर पद पर हो गया। जिनकी ट्रेनिंग के लिये वे फिलहाल हैदराबाद में है।

इसी दौरान उन्होने सिविल सर्विसेस (यूपी एस सी) के अंतर्गत आयोजित होने वाली सीएपीएफ( सेंट्रल आर्मद पोलिस फोर्स) की परीक्षा दी। जिसमें उन्हे सफलता मिली और वे असिस्टेंट कमांडेड पद के लिये चयनित किये गये। पियूष पंचेश्वर का असिंस्टेण्ड कमांडेड पद पर च यन बालाघाट जिले तथा समाज के लिये अत्यंत गौरव का विषय है। उनके पिता अनंत पंचेश्वर बताते है कि बडोदरा में पढाई के दौरान ही निजी कंपनी में पियूष का चयन हो गया था, परंतु उन्होने उस नौकरी से त्याग-पत्र दे दिया, फिर केन्द्रीय स्तर की फोर्स से संबंधित परीक्षा में उन्हे सब इंस्पेक्टर पद पर चयनित होने का अवसर मिला और अब यूपीएससी के तहत आयोजित सीएपीएफकी परीक्षा में उत्तीर्ण होकर वे असिस्टेड कमांडेट पद पर चयनित हुये है। अनंत पंचेश्वर एवं श्रीमती संगीता पंचेश्वर वे दो बेटे है। बडा बेटा अंकित पंचेश्वर बी.एड. कर रहे है, वही छोटा बेटा पियूष पंचेश्वर अब असिस्टेंड कमांडेड बन गये है।

# घर-घर तिरंगा अभियान को भारत के हर एक नागरिक सफल बनाएं : राजेश पाठक



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन-जन का अभियान बनाने और उत्साहपूर्वक सहभागिता का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल देश का राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, गौरव, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पूरे सम्मान और गरिमा के साथ तिरंगा फहराकर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी और प्रेम को अभिव्यक्त करे।

राजेश पाठक ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी स्वतंत्रता उत्सव आंदोलन है। इसका उद्देश्य देश के नागरिकों को अपने घरों, कार्यस्थलों और संस्थानों पर गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2022 में भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत की गई थी।

उन्होंने कहा कि इस अभियान ने देशभर में राष्ट्रीय ध्वज को लेकर लोगों के मन में एक नई भावना और व्यक्तिगत जुड़ाव पैदा किया है। पहले जहां तिरंगा मुख्य रूप से राष्ट्रीय पर्वों और सरकारी आयोजनों में दिखाई देता था, वहीं 'हर घर तिरंगा' अभियान के माध्यम से आम नागरिक भी अपने घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त कर रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करने का अवसर है, जिनके प्रयासों से देश को आजादी मिली। तिरंगा हमें उन वीरों की याद दिलाता है जिन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि बालाघाट जिले में भी हर घर, हर परिवार और हर संस्थान इस अभियान से जुड़े। युवा, महिलाएं, विद्यार्थी, व्यापारी, सामाजिक संगठन और विभिन्न संस्थाएं मिलकर अभियान को व्यापक जनभागीदारी का रूप दें। उन्होंने कहा कि तिरंगा फहराते समय उसके सम्मान और राष्ट्रीय ध्वज संहिता के नियमों का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। श्री पाठक ने यह भी कहा कि आज का युवा देश की ताकत है। यदि युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति, जिम्मेदारी और देश के प्रति सकारात्मक सोच मजबूत होगी तो भारत को विकसित और सशक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य और मजबूत होगा। 'हर घर तिरंगा' अभियान इसी भावना को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

राजेश पाठक ने कहा कि हम सभी को मिलकर 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बालाघाट जिले का हर घर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आए। उन्होंने नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा देश की एकता और अखंडता के संदेश को मजबूत करने की अपील की।


ग्रेसियस कॉलेज

2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग
4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.


### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरें प्राप्त करें।*

# कांवड़ यात्रा के साथ महामृत्युंजय घाट में किया गया 51 किलो वजनी दिव्य त्रिशूल अर्पित



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

रामेश्वरम शिव सेवा समिति, बाबा महाकाल सेवा समिति एवं महावीर सेवा दल ग्राम भटेरा के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया । कांवड़ यात्रा आस्था, भक्ति और समर्पण का अनूठा संगम बन गया। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक सभी श्रद्धालुओं ने कंधे पर धारण कर कांवड़ और 51 किलो, 16.5 फीट लंबी दिव्य त्रिशूल रामेश्वरम शिव मंदिर से भोलेनाथ की भक्ति एवं जयघोष के साथ कांवड़ यात्रा गांव का भ्रमण करते हुए वैनगंगा नदी स्थित ग्राम भटेरा महामुत्युंजय घाट पर श्रद्धापूर्वक दिव्य त्रिशूल अर्पित करते हुए पुनः पवित्र जल लाकर रामेश्वरम शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भगवान शंकर के असंख्य अवतार हैं- ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप





**जगप्रेरणा सिवनी।**

स्मृति लान में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस में पूज्य कथा व्यास गीता मनीषी ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने आज की कथा में बताया कि भगवान् शंकर के असंख्य अवतार हैं उनके नामों का उच्चारण कोई जीवन पर्यंत करता रहे तब भी पूरे नहीं हो सकते इतने अवतार हैं भगवान शंकर के जब जब धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है तब भगवान अवतार धारण करते हैं साथ ही आज की कथा सुनते हुए पूज्य श्री ने कहा कि शंकर जी ऐसे भोले भंडारी हैं ऐसे दानी हैं मांगने वाले ने जितना सोचा नहीं होता है उससे ज्यादा दे देते हैं फिर दोबारा उसे कहीं हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

ऐसे अनेक प्रकार से भक्तों पर कृपा की है भगवान् शंकर ने राक्षसों दैत्य पर भी प्रसन्न हो जाते हैं तो जो सात्विक हैं उन पर क्यों प्रसन्न नहीं होंगे। ब्रह्मचारी जी महाराज ने कहा कि भगवान् कथा को विश्राम करते हुए पूज्य श्री ने बताया कि जैसे हर अनन्त हैं वैसे ही हर की कथा भी अनन्त है कोई इसका पार नहीं पा सकता क्योंकि हर भी अनन्त हैं हर की कथा भी अनन्त है कई कल्पों तक भी यदि कोई सुनाता रहे तो भी भगवान् की कथा पूरी कोई नहीं सुना सकता कई कल्प तक उनकी महिमा का बखान कोई नहीं कर सकता फिर भी हमने जितना समझा उसके अनुरूप कुछ भाव आपके सामने प्रकट किए। कोई अच्छा काम होता है तो उसका श्रेय भी दिया जाता है तो आप देखिए इतना बड़ा आयोजन, इतने बड़े आयोजन में कई प्रकार के संकट आते हैं यहाँ किसी भी प्रकार का संकट नहीं आया। काम धंधा छोड़कर बैठना पड़ता है।

सब जगह से मन हटाकर सुनना पड़ता है तो कोई भी कार्यक्रम में श्रेय की बात होती है इतना बड़ा कार्यक्रम निर्विघ्न और सानंद संपन्न होना सबसे बड़ी सफलता यही है कलियुग में यह नौ दिवसीय अनुष्ठान आज यहाँ पूर्ण हो रहा है तो इसका परम श्रेय मुख्य श्रेय जिसे हम हर बार देते आए हैं ऐसे हमारे ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज जो हमारे गुरुदेव हैं उन्हीं की अहेतुकी कृपा से यह कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हुआ उनके चरणों में प्रणाम करते हैं।

भगवान् शंकर चंद्र की कृपा उनकी इच्छा न हो तो ये कथा कौन कर सकता है उनकी कृपा से निर्विघ्न संपन्न हुआ उनके चरणों में भी प्रणाम करते हैं और ये समिति ने बड़ा सुन्दर आयोजन किया और लगातार इतने दिन निष्ठा पूर्वक कथा श्रवण की भगवान् शंकर जी की कृपा से आपको इस कथा का पूरा पूरा फल प्राप्त हो ऐसी हम कामना करते हैं और जिन जिन लोगों ने ये कथा निष्ठा पूर्वक सुनी ये भी एक प्रकार से तप है तो आप लोगों ने जो तपस्या की उसका फल भगवान शीघ्र प्रदान करें और इस कथा में जिसने भी तन, मन, धन से सहयोग किया उसका भी कल्याण हो।

# दो-दो मुख्यमंत्रियों की घोषणाएं भी साबित हुई 'हवा-हवाई': धनौरा में कॉलेज की मांग को लेकर छात्रों का फूटा गुस्सा..






## आंदोलन का बनाया रोडमैप..

## 8 विकासखंडों में से केवल धनौरा ही शासकीय कॉलेज से वंचित; 47 पंचायतों के गरीब-आदिवासी छात्र दूर दराज़ भटकने को मजबूर..

## विश्राम गृह में युवाओं और छात्रों की बड़ी बैठक, ज्ञापन और अल्टीमेटम के बाद दी उग्र आंदोलन की चेतावनी..

**जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।**

जिले का आदिवासी बहुल धनौरा विकासखंड दशकों से शासकीय कॉलेज की बाट जोह रहा है। नेताओं की लेटरबाज़ी, जनप्रतिनिधियों के आश्वासनों और प्रशासनिक फाइलों की धूल के बीच क्षेत्र का युवा खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। इसी वादा खिलाफी के विरोध में विश्राम गृह धनौरा में क्षेत्र के युवाओं और छात्र-छात्राओं की एक अहम बैठक संपन्न हुई, जिसमें कॉलेज और खेल स्टेडियम की वर्षों पुरानी मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार की गई।

### दो मुख्यमंत्रियों की घोषणाएं भी रह गईं अधूरी..

बैठक में आक्रोशित युवाओं ने कहा कि धनौरा में कॉलेज की मांग को लेकर छात्र संगठनों और आम छात्रों द्वारा पूर्व में भी कई बार आवाज उठाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हद तो तब हो गई जब पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिवनी मंच से धनौरा में कॉलेज की घोषणा की और उसके बाद वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी घोषणा दोहराई। इसके बावजूद आज तक कॉलेज का भूमिपूजन तक नहीं हो सका है।

### 7 ब्लॉक में कॉलेज, धनौरा से ही सौतेला व्यवहार क्यों?

सिवनी जिले में कुल 8 विकासखंड हैं, जिनमें से 7 विकासखंडों में शासकीय कॉलेज संचालित हो रहे हैं। केवल 47 ग्राम पंचायतों और 114 गांवों वाले धनौरा ब्लॉक के साथ ही लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। धनौरा में कॉलेज न होने के कारण यहाँ के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए केवलारी, लखनादौन, सिवनी और जबलपुर तक का सफर तय करना पड़ता है।

### गरीब और बेटियां शिक्षा से हो रहीं वंचित..

दूर शहरों में जाकर पढ़ाई करने में भारी आर्थिक खर्च आता है। इसका सबसे बुरा असर गरीब परिवारों और खासकर आदिवासी बेटियों पर पड़ रहा है। आर्थिक तंगी और दूरी के कारण कई मेधावी छात्राएं 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई छोड़ने को विवश हैं और कॉलेज का मुंह तक नहीं देख पा रही हैं।

### आंदोलन की तय रणनीति: जागरूकता के बाद सौंपेंगे ज्ञापन

बैठक में युवाओं ने आंदोलन का रोडमैप तैयार करते हुए निर्णय लिया कि सबसे पहले आगामी दिनों में गांव-गांव जाकर आमजन को कॉलेज और स्टेडियम की मांग के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके पश्चात महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर 8 से 10 दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा। यदि अल्टीमेटम की अवधि समाप्त होने के बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो छात्र व युवा उग्र एवं शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### युवा एवं छात्रों के तीखे सवाल..

**घोषणाओं का क्या?** पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री दोनों की मंच से की गई घोषणाओं के बाद भी भूमिपूजन क्यों नहीं हुआ? **सौतेला व्यवहार क्यों?** जिले के 7 विकासखंडों में कॉलेज है, तो 47 पंचायतों वाले धनौरा के साथ ही यह अन्याय क्यों?

**बेटियों का जिम्मेदार कौन?** कॉलेज न होने से जो गरीब और आदिवासी बेटियां पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हैं, उनके भविष्य का जिम्मेदार कौन है? **कागजी फाइलें कब तक?** कब तक लेटरबाज़ी और कागजी आश्वासनों का खेल चलता रहेगा और कब कॉलेज ज़मीन पर दिखेगा?

# कलेक्टर के कड़े रुख का दिखा असर: धनौरा बालक आश्रम के बच्चों को मिली नई ड्रेस..





## ट्रैक सूट और खेल सामग्री; खिलीं मासूमों की मुस्कान

## निरीक्षण के बाद प्रशासन ने त्वरित अमल करते हुए पूरी कीं व्यवस्थाएं, बच्चों में जगा जबरदस्त उत्साह..

**जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनोरा।**

*प्रशासनिक संवेदनशीलता और कड़े निर्देशों के त्वरित अमल का एक बेहतरीन उदाहरण धनौरा के राजा शंकरशाह एवं कुंवर रघुनाथशाह शासकीय अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम में* देखने को मिला। बीते मंगलवार, 04 अगस्त को निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा दिए गए निर्देशों पर महज़ कुछ ही दिनों के भीतर धरातल पर कार्रवाई देखने को मिली। कलेक्टर की हिदायत के बाद संबंधित विभाग ने त्वरित कदम उठाते हुए आश्रम के विद्यार्थियों को नई स्कूल ड्रेस, ट्रैक सूट तथा खेल सामग्रियां वितरित कर दी हैं।

### निरीक्षण में दिए गए थे व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

उल्लेखनीय है कि 04 अगस्त को धनौरा प्रवास के दौरान कलेक्टर नेहा मीना ने इस आश्रम का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी जरूरतों और आश्रम की कमियों का जायजा लिया था। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी थी कि बच्चों की शिक्षा, खेलकूद और दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नई ड्रेस और खेल सामग्री मिलते ही बच्चों में दिखा खासा उत्साह..

कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए आश्रम के प्रत्येक बच्चे को एक-एक जोड़ी नई स्कूल ड्रेस, ट्रैक सूट तथा फुटबॉल, क्रिकेट किट, वॉलीबॉल सहित अन्य खेल सामग्रियां उपलब्ध कराई गईं। नई ड्रेस और हाथ में मनपसंद खेल सामग्री पाते ही नन्हें बच्चों के चेहरे खुशी से दमक उठे। बच्चों ने तुरंत नई ड्रेस और ट्रैक सूट पहनकर मैदान में खेलकूद की शुरुआत की, जिससे पूरा आश्रम परिसर उल्लास और चहकते कदमों से गूंज उठा।

### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बढ़ा विश्वास..

स्थानीय नागरिकों और बच्चों के परिजनों ने इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशासनिक प्रयासों से न केवल छात्रावास की व्यवस्थाओं में सुधार आया है, बल्कि बच्चों में पढ़ाई और खेलकूद के प्रति एक नया विश्वास व उत्साह जागा है।

# कौमी एकता कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**जगप्रेरणा सिवनी।**

कौमी एकता केवल शब्द नहीं बल्कि समाज को जोड़ने वाली वह ताकत है, जो विविधताओं के बीच भाईचारे की नींव मजबूत करती है। सिवनी में इसी भावना का जीवंत उदाहरण देखने को मिला, जहां अलग-अलग समाज और धर्मों के लोग एक मंच पर साथ खड़े नजर आए। समारोह ने एकता, सद्भाव और इंसानियत के उस संदेश को मजबूती दी, जिसकी आज समाज को सबसे अधिक जरूरत है।

सेवा, सद्भाव और इंसानियत की 33 वर्षों की यात्रा को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ कौमी एकता कमेटी सिवनी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह रविवार शाम स्थानीय आशीर्वाद पैलेस में गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में हुए इस समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कौमी एकता, अमन-शांति, भाईचारे और निःस्वार्थ मानव सेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली। समारोह ने सिवनी की सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सद्भाव की मजबूत तस्वीर पेश की।

### 33 वर्षों की सेवा यात्रा का प्रस्तुत हुआ लेखा-जोखा

कार्यक्रम में कौमी एकता कमेटी के प्रवक्ता कोमल गढ़पाल ने संगठन की 33 वर्षों की सेवा यात्रा का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कमेटी द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों की सहायता, स्वास्थ्य एवं रक्त सेवा, स्वच्छता अभियान, जरूरतमंद हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने, नशामुक्ति अभियान, विद्यार्थियों एवं आमजन में जागरूकता तथा सामाजिक सद्भाव और शांति बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सेवा गतिविधियों की इस लंबी यात्रा को उपस्थित अतिथियों ने संगठन की बड़ी उपलब्धि बताया।

### देशभक्ति गीतों से गूंजा समारोह

समारोह का शुभारंभ अतिथियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों के आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। पुष्पमाला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सचिव एवं भजन गायक अशोक अकेला तथा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बरकत खान पीरू भाई ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। वहीं कोषाध्यक्ष शंकरलाल डहेरिया के स्वागत गीत ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। प्रस्तुतियों ने समारोह में देशप्रेम और सामाजिक एकता का रंग भर दिया।

### पदाधिकारियों ने लिया सेवा और सद्भाव का संकल्प

कार्यक्रम के अगले चरण में कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को परिचय-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात प्रवक्ता कोमल गढ़पाल ने सभी पदाधिकारियों को संगठन के विधान, उद्देश्यों और मर्यादा का पालन करते हुए सामाजिक सद्भाव, अमन-शांति, भाईचारे तथा निःस्वार्थ मानव सेवा के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित अतिथियों और सदस्यों ने भी संगठन के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### सभी धर्मों को साथ लेकर चलने की सराहना

समारोह में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कौमी एकता कमेटी के कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि के रूप में जैन समाज के अध्यक्ष पवन दिवाकर, बुद्धिस्ट समाज के अध्यक्ष एडवोकेट सुनील वासनिक, मातृशक्ति संगठन के अध्यक्ष के प्रतिनिधि श्रीमती मनोरमा सक्सेना, बॉलीवुड फिल्म निर्माता डॉ. हीरा धुर्वे एवं शहर काजी अनीश मौलाना सहित अन्य वक्ताओं ने जाति और धर्म के भेद से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की कमेटी की पहल को अनुकरणीय बताया। वक्ताओं ने भविष्य में भी संगठन के सेवा कार्यों में हरसंभव सहयोग देने की बात कही।

### सेवा और सहयोग ही संगठन की पहचान

कमेटी के सचिव विनोद यादव ने उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों का परिचय कराते हुए संगठन की कार्यप्रणाली और वर्षभर संचालित होने वाली सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी दी। अध्यक्ष असलम बाबा ने कहा कि कौमी एकता कमेटी की पहचान किसी एक व्यक्ति की वजह से नहीं, बल्कि सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सामूहिक सहयोग, विश्वास और सेवा भावना से बनी है। उन्होंने कहा कि संगठन बिना किसी भेदभाव के समाज में अमन, भाईचारे और मानव सेवा की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

### शायराना अंदाज में हुआ मंच संचालन

समारोह का मंच संचालन शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद साबिर खान ने शायराना अंदाज में किया। उनके प्रभावी एवं आकर्षक संचालन ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के उपाध्यक्ष तामसिंह बघेल ने की। समारोह के समापन के बाद कमेटी की ओर से सभी अतिथियों एवं सदस्यों के लिए सद्भावना भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

### एकता का संदेश देता रहा पूरा समारोह

समारोह में कमेटी संरक्षक परवेज अंसारी, अध्यक्ष असलम बाबा, उपाध्यक्ष ताम सिंह बघेल, डॉ. केसी मेश्राम, एडवोकेट रामराजेश डेहरिया, सचिव विनोद यादव, महामंत्री के के यादव, कोषाध्यक्ष शंकरलाल डेहरिया, सहसचिव एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पत्रकार देवराज डेहरिया, प्रवक्ता कोमल गढ़पाल, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोहम्मद साबिर खान, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ सचिव अखिलेश नागेश्वर, मीडिया प्रकोष्ठ अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, मीडिया प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद हसीब, सचिव मतीन नशा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बरकत खान, सचिव अशोक अकेला, सद्भावना प्रकोष्ठ अध्यक्ष यूसुफ अंसारी, उपाध्यक्ष पहलाद बघेल, अकरम खान, वरिष्ठ सदस्य संजय यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### नफरत नहीं इंसानियत हमारी पहचान

कौमी एकता कमेटी के शपथ ग्रहण समारोह ने सिवनी की सामाजिक एकता की उस तस्वीर को सामने रखा, जहां अलग-अलग धर्म, समाज और वर्गों के लोग एक मंच पर आकर मानवता और भाईचारे के लिए साथ खड़े दिखाई दिए। 33 वर्षों की सेवा यात्रा के बाद नए पदाधिकारियों का संकल्प संगठन की आगामी दिशा को भी स्पष्ट करता है। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने और सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# अल्प प्रवास पर छपारा पहुंचे जीतू पटवारी..



**कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत..**

**कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर साधा निशाना**

**जगप्रेरणा छपारा।**

मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का आज सुबह छिंदवाड़ा जाते समय छपारा बाईपास में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने कहा कि दतिया उपचुनाव ने जनमानस की इच्छा आने वाले चुनाव को लेकर जता दी है, साथी उन्होंने युवा पीढ़ी और जेनजी को राहुल गांधी के साथ बताया. वहीं उन्होंने मक्के के समर्थन मूल्य पर बेचने के सवाल पर कहा, कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आती है तो मक्के की फसल को समर्थन मूल्य में शामिल किया जाएगा।

इसी दौरान युवक कांग्रेस के पूर्व महासचिव अंकित गोलू ठाकुर ने भी अपने साथियों के साथ भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश जैन , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुलाब साहू, ठाकुर जयकेश सिंह , सिहाब खान (बड़े बाबा), चंद्रशेखर श्रीवात्री, प्रदीप श्रीवास्तव, पूर्व महासचिव युवक कांग्रेस अंकित गोलू ठाकुर जनपद उपाध्यक्ष प्रभात सिंह ठाकुर ,आरिफ पटेल, आदित्य सिंह ,रमेश चौहान , श्याम सुंदर अवधिया , सुरजीत सिंह, दीपू जैन,धनलाल गज्जम, सुनील उड़के बखारी, मंडलम अध्यक्ष प्रेम भलावी सहित समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफएक्सीलेंस सिवनी में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पत्र लेखन





**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं कार्यालय कलेक्टर की पत्र क्रमांक एफ-10/2025/1/4 भोपाल एवं कार्यालय आदेश दिनांक 6 नवंबर 2026 के संदर्भ में 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान 2026 तथा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के संरक्षण में एवं एनसीसी /एनएसएस /एवं कीड़ा अधिकारी के निर्देशन में महाविद्यालय में देशभक्ति के नाम सैन्य बलों के जवानों एवं पुलिस कर्मियों को पत्र लेखन का कार्य किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान जन गण मन किया गया बधाई संदेश में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने देशभक्ति जन सेवा के नाम पर पुलिस कर्मियों सेना बल के जवानों को पत्र लिखकर संदेश दिया कि आपका सहयोग साहस कर्तव्य निष्ठा और देश सेवा के कारण हम सभी सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण में जीवन जी रहे हैं।

राष्ट्र के प्रति आपका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है इस अभियान में महाविद्यालय से समस्त स्टाफ एवं एनएसएस विद्यार्थियों की विशेष योगदान रहा।






# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# संभाग स्तरीय एथलेटिक्स चयन परीक्षण 2026 - 27 का सफल आयोजन

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, वारासिवनी, जिला बालाघाट (म.प्र.) में 05 एवं 06 अगस्त 2026 को नवोदय विद्यालय समिति, भोपाल संभाग के तत्वावधान में आयोजित रीजनल लेवल एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 2026 - 27 का सफ्लतापूर्वक एवं गरिमामय समापन हुआ।***







इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के बालाघाट नवोदय विद्यालय सहित 42 जवाहर नवोदय विद्यालयों से 547 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं। प्रतियोगिता में 100 मी., 200 मी., 400 मी., 800 मी., 1500 मी. दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो सहित अनेक एथलेटिक्स स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया।

यह संपूर्ण आयोजन विद्यालय के प्राचार्य श्री संदीप कुमार जैन एवं उपप्राचार्य श्री रणबीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में स्पोर्ट्स टीचर श्री बनीक , श्रीमती सुनीता सिंह के सहयोग से सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के प्रारंभ में प्राचार्य महोदय ने सभी बाहरी विद्यालयों से आए एस्कॉर्ट शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर दो दिवसीय कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं की समय-सारिणी, विभिन्न इवेंट्स की जिम्मेदारियाँ तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। सभी तैयारियाँ सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध ढंग से की गई थीं।

विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों एवं एस्कॉर्ट शिक्षकों के लिए आवास, भोजन, पेयजल, चिकित्सा, परिवहन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की। प्रतियोगिता के दौरान बीच-बीच में वर्षा होने के बावजूद सभी स्पर्धाएँ सफ्लतापूर्वक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुईं।

इस अवसर पर बालाघाट जिले के अनेक खेल प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों की तकनीक, अनुशासन, खेल भावना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय, बालाघाट के विद्यार्थियों ने स्वयंसेवक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी आगंतुक खिलाड़ियों एवं अतिथियों का आत्मीय स्वागत-सत्कार किया।

प्रतियोगिता के सफ्ल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सहयोगी स्टाफ ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन भोपाल संभाग की गरिमा के अनुरूप अत्यंत सफ्ल एवं अनुकरणीय सिद्ध हुआ।

समापन समारोह में वरिष्ठ शिक्षक श्री बी आर पटेल ने प्रतियोगिता के सफ्ल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अनुरक्षकों शिक्षकों, खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों, प्रतिभागियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही के वॉलिंटियर छात्र छात्राएं का भी आभार व्यक्त किया । उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार और अधिक उत्कृष्ट एवं भव्य खेल आयोजनों के सफ्ल संचालन का विश्वास व्यक्त किया।

यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं के चयन का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, खेल भावना, नेतृत्व, सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी सुदृढ़ करने वाला एक प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय अवसर सिद्ध हुआ।

### जर्जर मार्ग और क्षतिग्रस्त पुलिया से ग्रामीण व छात्र-छात्राएं परेशानः

# 'राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच' के जिलाध्यक्ष जावेद अली ने जाना सावरी का हाल, तत्काल निर्माण की मांग





जगप्रेरणा वारासिवनी/सावरी।

***ग्राम पंचायत सावरी में जर्जर सड़क और क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण ग्रामीणों सहित स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और बुलावे पर आज,***

9 अक्टूबर 2026 को 'राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच' के जिलाध्यक्ष जावेद अली ने सावरी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जिलाध्यक्ष जावेद अली ने ग्राम पंचायत सावरी से लोधी टोला मार्ग तथा वहां स्थित जर्जर पुलिया का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं और पुलिया की हालत बेहद चिंताजनक है। बारिश के दिनों में और सामान्य आवाजाही के दौरान दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है,

जिससे स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी जोखिम उठाना पड़ता है।जावेद अली ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से इस क्षतिग्रस्त मार्ग व पुलिया का तत्काल प्रभाव से पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की इस बुनियादी समस्या पर जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को त्वरित ध्यान देना चाहिए।

इस दौरान जिला महासचिव अजबलाल करपागे, पूर्व सरपंच अशोक लिल्हारे, सेवा दल नगर अध्यक्ष महेश दमाहे, राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के नगर अध्यक्ष विकास करपागे, ब्लॉक महामंत्री अल्ताफकादरी, रामप्रसाद लिल्हारे, राजेश कोलते सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बड़ा देव भवन में मना विश्व आदिवासी दिवस, गीत नृत्य से सजी सांस्कृतिक संध्या

### पुस्तकालय खोलने की विश्व आदिवासी दिवस पर की गई घोषणा..

जगप्रेरणा मोहगांव /मलाजखंड।

***जनपद पंचायत बिरसा के बड़ा देव भवन मलाजखंड में रविवार नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर आदिवासी सगा समाज ने बड़ा देव भवन से एक विशाल रैली निकाली, जो मोहगांव पहुंची।***







रैली के दौरान मोहगांव के बस स्टैंड पर रानीदुर्गावती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण किया गया। इसके बाद रैली वापस मलाजखंड आई, जहां आंबेडकर चौक पर संविधान निर्माता डा. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात रैली बिरसा तहसील मुख्यालय पहुंची, जहां महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। रैली में फिर बड़ा भवन मलाजखंड आई। इस दौरान मंचासीन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मंचासीन कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील और अन्य महापुरुषों की पूजा अर्चना के बाद किया गया। इस मौके पर आवासीय विद्यालय मलाजखंड, सीएम राइज विद्यालय मलाजखंड व निक्कुम छात्रावास के बच्चों ने एक से बढ़कर एक आदिवासी गीतों पर सामूहिक रूप से नृत्य की प्रस्तुति देकर अतिथियों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर विधायक संजय उइके ने कहा कि आज हम विश्व आदिवासी दिवस मना रहे हैं, जो हमारे आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने आदिवासी समुदाय के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विधायक ने अपने निधि से समाज के कार्य के लिए 50 हजार रुपये प्रदान किए गए।

इसके साथ ही ताम्र परियोजना से सीएसआर मद से विकास कार्य के लिए 30 हजार प्रदान किए गए। बड़ा देव भवन मलाजखंड में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस का कार्यक्रम न केवल आदिवासी संस्कृति के प्रति सम्मान प्रकट करता है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच एकता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। यह आयोजन आदिवासी समुदाय के लिए गर्व का विषय है और उनके अधिकारों और पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### यह रहे अतिथि

कार्यक्रम का आयोजन विधायक संजय उइके बैहर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता लखन सिंह मेरावी, अध्यक्ष मप्र आदिवासी विकास परिषद बिरसा ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में नागेश शेणाय अधिशासी निदेशक ताम्र परियोजना मलाजखंड उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में मानसिंह मेरावी नपा अध्यक्ष मलाजखंड, द्रोपकिशोर मेरावी सामाजिक कार्यकर्ता और एसएस मेरावी पूर्व अध्यक्ष मप्र आदिवासी विकास परिषद बिरसा, धनेश्वरी मेरावी अध्यक्ष सरपंच संघ बिरसा, प्रेमसिंह मरकाम सरपंच टिंगीपुर, चैनसिंह मरकाम, राजेंद्र सिंह मेरावी पूर्व अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद बिरसा, झामसिंह टेकाम सरपंच बाकीगुड़ा सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर ताम्र परियोजना की तरफसे बड़ा देव भवन में पुस्तकालय खोलने की घोषणा भी गई। कार्यक्रम में गीता टेकाम, फूलेश्वर मरकाम, चम्मी मरकाम, रेवती मेरावी, जानन मरकाम, भागवती नेताम, शारदा धुर्वे सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन तामसिंह मरकाम ने किया।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं संतोष तिवारी पिता दीनदयाल तिवारी निवासी वार्ड नं. 11. परसवाडा, कुरेंदा, तहसील परसवाडा व जिला बालाघाट (म.प्र.)। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में सही नाम संतोष तिवारी पिता दीनदयाल तिवारी है जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम संतोष कुमार तिवारी, पिता दीनदयाल तिवारी दर्ज है। उक्त दोनो ही नाम मुझ शपथकर्ता का ही है।

अतः राजपत्र प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड सभी शासकीय / अशासकीय / व्यक्तिगत समस्त दस्तावेजों में सही नाम संतोष तिवारी (SANTOSH TIWARI), पिता दीनदयाल तिवारी (DEENDAYAL TIWARI) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा दर्ज किया जाये।

पुराना नाम -
संतोष कुमार तिवारी
(SANTOSH KUMAR TIWARI)
दीनदयाल तिवारी
(DINDAYAL TIWARI)

नया नाम (सही नाम) -
संतोष तिवारी
(SANTOSH TIWARI),
दीनदयाल तिवारी
(DEENDAYAL TIWARI)

# ग्राम पांडरवानी में बाघ का आतंक, दो मवेशियों के साथ किसान की मौत



जगप्रेरणा बालाघाट।

खैरलांजी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पांडरवानी में बाघ के हमले की आशंका से सनसनी फैल गई। गांव से लगे जंगल में मवेशी चराने गए करीब 50 वर्षीय किसान देवकराम पिता श्यामलाल बाघमारे की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटनास्थल के पास एक गाय और उसका बछड़ा भी मृत अवस्था में मिले हैं। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पांडरवानी निवासी देवकराम वाघमारे खेती-किसानी का कार्य करते थे। 9 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे वे एक गाय और उसके बछड़े को चराने के लिए गांव से लगे जंगल की ओर गए थे। देर शाम तक जब देवकराम घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजन देर रात तक आसपास के क्षेत्र में खोजबीन करते रहे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।

10 अगस्त की सुबह परिजन और ग्रामीण एक बार फिर देवकराम की तलाश में जंगल की ओर गए। गांव के श्मशान घाट से लगे घने जंगल में अंदर जाने पर 7 बजे क़रीब उन्हें एक गाय और उसका बछड़ा मृत अवस्था में दिखाई दिया। वहीं पास में देवकराम भी खून से लथपथ अवस्था में मृत मिले।

घटनास्थल के आसपास वन्यप्राणी के पंजों के निशान और हमले के चिन्ह भी बताए जा रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीणों ने बाघ के हमले की आशंका जताई है। ग्रामीणों के अनुसार, आशंका है कि बाघ ने पहले गाय और बछड़े पर हमला किया होगा। मवेशियों को बचाने के लिए देवकराम उनके पास पहुंचे होंगे, इसी दौरान बाघ ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि, घटना की वास्तविक स्थिति और मौत के कारण की पुष्टि वन विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी।

घटना की जानकारी मिलते ही मिरगपुर सरपंच दीपक देशमुख मौके पर पहुंचे और वन विभाग को सूचना दी। सूचना के बाद वन विभाग का अमला घटनास्थल पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू की। वन विभाग की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर वन्यप्राणी के हमले से जुड़े साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों एवं समाजसेवियों ने शासन-प्रशासन से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पीड़ित परिवार को उचित राहत नहीं दी गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। फ्लिहाल वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और बाघ की मौजूदगी तथा हमले की पुष्टि को लेकर जांच की जा रही है।

## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक / /अति. कले./ वि.अधि./ 2026 बालाघाट दिनांक

**।। आम सूचना ।।**

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह हेतु आवेदकगण सचिन हिरामन विठूले उम्र 31 वर्ष पिता श्री हिरामन विठूले जाति माली निवासी ग्राम बिनाकी पोस्ट चुल्हाड़ थाना सिहोरा, तहसिल तुमसर जिला भंडारा(महाराष्ट्र) एवं आवेदिका विधिता मेश्राम पिता श्री ईश्वरदयाल मेश्राम उम्र 31 वर्ष जाति महार निवासी ग्राम व पोस्ट रामपायली थाना रामपायली तहसिल वारासिवनी जिला बालाघाट (मप्र) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है,जिसमें विवाह हेतु सुनवाई 12/08/2026 को नियत की गई है। अतः उक्त विवाह के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो यह सुनवाई दिनांक 12/08/2026 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला बालाघाट (मप्र)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बोनकट्टा, जनपद पंचायत कटंगी जिला बालाघाट (म. प्र.)

**।। बाजार नीलामी सुचना ।।**

आम जनता को सुचित किया जाता हैं, कि कार्यालय ग्राम पंचायत बोनकट्टा के साप्ताहिक बैठकी बाजार की निलामी दिन मंगलवार दिनांक 18/08/2026 को दोप. 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन बोनकट्टा में कि जायेगी। अतः बोली लगाने वाले इच्छुक ठेकेदार उपरोक्त समय पर एवं स्थान पर आकर बोली लगाये।

निलामी दिनांक
मंगलवार दिनांक 18/08/2026 को दोप. 12:00 बजे से

बाजार नीलामी की शर्तें निम्नानुसार है।

1) बाजार नीलामी की अवधी निलामी अवधी से 31 मार्च 2027 तक। 2) बोली के पूर्व बोली बोलने वाले को अमानत राशी 25,000 रू. (पच्चीस हजार रूपये) जमा करना होगा। 3) जिस ठेकेदार पर बकाया राशी होगी उसे ठेके की बोली बोलने का अधिकार नही होगा। 4) बोली समाप्त के तुरंत पश्चात ठेके की 1/4 (एक चौथाई) राशी जमा करना होगा। तथा शेष राशी 30 दिन के भीतर जमा करना होगा। 5) उचित बोली लगने पर ही ठेका स्वीकृत किया जावेगा एवं पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 6) अन्य शर्तो का विवरण ग्राम पंचायत बोनकट्टा में देखा जा सकेगा। 7) बोली बोलने वाले ठेकेदार को आधार कार्ड की छाया प्रती प्रस्तुत करना होगा। 8) जिस ठेकेदार के नाम से बोली होगी उस ठेकेदार को 100 रू. के स्टांप पर अनुबंध कराना अनिवार्य होगा।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| श्रीमति भिमलता हांडके | श्री भागचंद जी हांडके | श्री रामराज उचबगले |

सहा. सचिव
श्री प्रविण जी झोड़े

विनीत - ग्राम पंचायत बोनकट्टा एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत, बोनकट्टा

# पांढरवानी में बाघ के हमले से मृत देवकराम के परिवार को तात्कालिक रूप से 50 हजार की सहायता

जगप्रेरणा खैरलांजी।

वन परिक्षेत्र खैरलांजी के परिक्षेत्र सहायक कटोरी अंतर्गत 10 अगस्त 2026 की सुबह गश्ती के दौरान चोरपिंडकेपार से पांढरवानी मार्ग के बीच एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। वन्यप्राणी बाघ के हमले की सूचना मिलने पर वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान देवकराम पिता श्यामलाल वाघमारे, उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम पांडरवानी, तहसील खैरलांजी, जिला बालाघाट के रूप में हुई है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर तीन मवेशी भी मृत पाए गए। इनमें से एक मवेशी के गले के नीचे के हिस्से पर वन्यप्राणी द्वारा हमला किए जाने के निशान मिले।

घटना की सूचना तत्काल मुख्य वन संरक्षक, वनवृत्त बालाघाट एवं वनमंडलाधिकारी, दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट को दी गई। घटना के संबंध में मौका स्थल पर 10 अगस्त 2026 को जनहानि प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। घटनास्थल पर वन अमले एवं पुलिस बल ने पहुंचकर एकत्रित ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और स्थिति को नियंत्रित किया।

वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 50 हजार रुपये प्रदान किए गए है। शासन के नियमों के अनुसार मृतक के परिवार को कुल 08 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। शेष 07 लाख 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रकरण वन विभाग द्वारा तत्परता के साथ तैयार किया जा रहा है। मृतक देवकराम के शव को परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद वन विभाग द्वारा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निगरानी बढ़ा दी गई है। वाहन में स्पीकर लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराई जा रही है तथा ग्रामीणों को बाघ की मौजूदगी को लेकर सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की समझाइश दी जा रही है।

मवेशी गारा स्थल पर ट्रैप कैमरा लगाया गया है, जिसके माध्यम से हिंसक वन्यप्राणी बाघ की निरंतर निगरानी की जा रही है। वन अमला आसपास के क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रहा है तथा बाघ के विचरण से संबंधित साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं।


क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी संस्कृति एवं प्रतिभाओं को मिला मंच युवाओं ने दिखाया उत्साह..

### लोकगीत-लोकनृत्य, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश..









अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, लोककला एवं लोक परंपराओं के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के***

उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी लोकगीत एवं लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। पारंपरिक वेशभूषा में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### इस कार्यक्रम में भव्य रैली का आयोजन किया गया..

इस पूरे कार्यक्रम में भव्य रैली का आयोजन समिति द्वारा किया गया। जिसमें यह रैली गोंडवाना भवन से निकलकर रानी दुर्गावती चौक से होती हुई पूरे नगर का भ्रमण करती हुई। गोंडवाना कालीन किला तक पहुँची जहां पहुंचकर सामाजिक रीति-रिवाज से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात रैली पुनः नगर भ्रमण करती हुई ।रानी दुर्गावती चौक पहुंचकर वीरांगना महारानी दुर्गावती की पूजा अर्चना कर जयकारों के साथ गोंडवाना भवन पहुंची जहां सभी सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए।

### शिक्षा एवं नशामुक्ति का दिया संदेश..

कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा, नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं युवाओं की भूमिका पर भी महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी संस्कृति केवल गीत और नृत्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें प्रकृति के प्रति सम्मान, सामुदायिक एकता, पारंपरिक ज्ञान, सामाजिक सहयोग एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण जीवन-मूल्य शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में अपनी सांस्कृतिक पहचान एवं परंपराओं को सुरक्षित रखते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों एवं युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति गौरव और आत्मविश्वास की भावना विकसित करते हैं।

### युवाओं एवं विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा..

विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने आदिवासी संस्कृति, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं नशामुक्ति जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

आयोजकों ने कहा कि ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ ऐसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### आयोजन समिति की रही महत्वपूर्ण भूमिका..

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संरक्षक डी. एस. मेरावी, अध्यक्ष फूलसिंह मेरावी, सुश्री सोनाली कुशराम,उपाध्यक्ष मुकेश मरकाम, सचिव रोशनी मेरावी एवं सह-सचिव सालिक राम पंन्द्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा श्यामलाल ताराम, लक्ष्मी मेरावी, अंतराम परते, शीतल धुर्वे, विजय धुर्वे, श्यामसिंह धुर्वे, हीरासिंह धुर्वे, गोविंद धुर्वे एवं इन्द्रम मरकाम सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। गेंदराम तेकाम का भी आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### गढ़ी थाना प्रभारी एवं समस्त स्टॉफका रहा सराहनीय सहयोग..

कार्यक्रम के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में गढ़ी थाना प्रभारी योगेश कुम्हेर ( एस.आई. गढ़ी) लखन लाल कटरे (ए. एस. आई.) चंदन लाल तिलासें (ए. एस. आई.)गणेश मेरावी (प्रधान आरक्षक)नागवेंद्र पांडे (आरक्षक) खिलेंद्र गौतम(आरक्षक)दानिश खान (आरक्षक)नेहा कुर्मी (महिला आरक्षक) एवं एस. एस. सी.कि पूरी टीम एवं समस्त स्टॉफका भी सराहनीय सहयोग रहा।

थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टॉफ द्वारा कार्यक्रम के दौरान आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात को सुचारू रूप से संचालित हो इस व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया गया। आयोजन समिति ने पुलिस प्रशासन के सहयोग एवं सकारात्मक भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, विद्यार्थियों, ग्रामीणों, आयोजन समिति के सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने कहा कि आदिवासी संस्कृति हमारी पहचान और गौरव है। इसके संरक्षण, संवर्धन एवं नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

# सावन पर्व के चलते कोटेश्वर धाम पहुंचे नागा साधु, भक्तों को बताया शिव महिमा





जगप्रेरणा लांजी।

***श्रावण मास के दूसरे सोमवार को प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कोटेश्वर धाम में नागा साधुओं का आगमन हुआ। भगवान कोटेश्वर महादेव के दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचे नागा साधुओं को देखकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया।***

उनके धाम पहुंचने से परिसर का धार्मिक वातावरण और भी भक्तिमय हो गया। नागा साधुओं ने कोटेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस दौरान धाम में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी नागा साधुओं के दर्शन किए तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रावण सोमवार के चलते पहले से ही कोटेश्वर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी। ऐसे में नागा साधुओं का आगमन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

कई श्रद्धालु नागा साधुओं के दर्शन करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक नजर आए। नागा साधुओं के आगमन से कोटेश्वर धाम में आध्यात्मिक एवं धार्मिक माहौल और अधिक गहरा हो गया। पूरे परिसर में हर-हर महादेव के जयकारों के बीच श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।

# गौहत्या करने वाले आरोपियों को भेजा गया जेल, फरार आरोपी की तलाश कर रही पुलिस



जगप्रेरणा कटंगी।

***तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गुडरुघाट में रविवार को शिव मंदिर के पास नाली में गौवंश का कटा हुआ सिर और मांस के टुकड़े मिलने की घटना हुई थी। इस पूरे मामले में तिरोड़ी पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफम.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 और***

बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू करते हुए बेहद तत्परता दिखाते हुए 3 लोगों को हिरासत में लिया था। इन तीनों ही आरोपियों का आज तिरोड़ी में जूलुस निकाला गया और तीनों को ही माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जिसके बाद माननीय न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी धनेन्द्र मराठे निवासी गुडरुघाट, अभिषेक मेश्राम, निवासी मिरगपुर, राजू राहंगडाले निवासी टेकाडी को गिरफ्तार किया था। जबकि इस मामले में गुड़रूघाट निवासी रामनाथ मराठे नाम का आरोपी घटना के बाद से ही फरार है। जिसकी पुलिस सरगर्मी के साथ तलाश कर रही है। इन्हीं चारों ने मिलकर गाय को काटा और उसके सिर व मांस के टुकड़ों को बोरी में भरकर शिव मंदिर के पास नाली में फेंक दिया था। पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 9 और बीएनएस की धारा 325, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। इस घटना के बाद ही स्थानीय रहवासियों और धार्मिक संगठनों में आक्रोश देखा गया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम भी किया था हालांकि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूरा मामला शांत हुआ।

जैसे ही यह घटना सामने आई थी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय, कटंगी एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा, वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी, कटंगी थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम, वारासिवनी, रामपायली और तिरोड़ी का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर गौमांस को बरामद करने की कार्रवाई की थी। घटना के बाद जहां गांव में तनाव का माहौल देखा जा रहा था वहीं अब स्थिति सामान्य हो गई है।

# सुंदर, स्वस्थ मेरा गाँव की कल्पना के साथ पल्हेरा में संस्कृति का आगाज, कन्या पूजन, गौ पूजन के साथ हुआ मार्गदर्शन..







जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम पलेहरा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में किया गया। स्थानीय ग्रामवासियों, ग्राम समितियों, अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ समिति एवं***

अभिनंदन लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से 9 अगस्त को शुरू हुआ पाठ 10 अगस्त को विश्रांति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान राम रथ यात्रा निकाली गई, जिसका ग्रामीणों ने जगह-जगह आरती कर स्वागत किया। मानस पाठ के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

पर्यावरण संरक्षण के तहत गांव में 25 पौधों का पौधारोपण किया गया। साथ ही गौ पूजन, हवन-यज्ञ और नव कन्या पूजन कार्यक्रम भी हुआ। महिला मंडल द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संस्कृति, संस्कार और परिवार की एकता का संदेश दिया गया।स्वास्थ्य शिविर में 165 लोगों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई, जबकि निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर में 85 लोगों की जांच हुई और 26 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

### किन्हीं में प्रारंभ हुआ अखंड मानस पाठ

इसी क्रम में ग्राम किन्हीं में 10 अगस्त से अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। 11 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, मोतियाबिंद जांच, प्लास्टिक मुक्त अभियान और महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*

# नशे में तेज रफ्तार से बाइक चला रहे युवक अन्य 2 बाइकों को मारी टक्कर, दो के टूटे पांव, एक का हाथ टूटा







जगप्रेरणा लांजी।

शराब के नशे में तेज रफ्तार बाइक चला रहे युवक ने नगर के वार्ड नंबर 15 स्थित दुर्गा मंदिर के पास 10 अगस्त के सुबह की बताई जा रही है जिसमें दो बाईक सवारों को टक्कर मार दी। पहले बाइक सवार युवक ने बहेला की ओर से आ रहे तीन युवकों को चपेट में लिया और इसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर पिता-पुत्र की बाइक से जा भिड़ी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि हादसे में दो लोगों के पैर टूट गए, जबकि एक व्यक्ति का हाथ टूट गया। 8 वर्षीय बच्चा समेत कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को 112 की टीम ने सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया। जानकारी के अनुसार अखिलेश उईके निवासी सहेकी, बाइक क्रमांक एमपी 50 जेडई 0266 से लांजी से चिकन लेकर अपने गांव लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अत्यधिक शराब के नशे में था और बाइक तेज गति से चला रहा था। इसी दौरान बहेला की ओर से लांजी आ रहे तीन युवकों को उसने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक पर नियंत्रण नहीं रहा और वह आगे जा रहे पिता-पुत्र की बाइक से भी जा टकराया। लगातार दो टक्करों में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस सड़क हादसे में अनिल गायकवाड़ 43 वर्ष के चेहरे पर चोट आई है और उनका हाथ टूट गया है। उनके 8 वर्षीय बेटे यश गायकवाड़ को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं तथा आंख के नीचे चोट लगी है। अमित डोहरे 23 वर्ष और रोशन हंसराज बागड़े 21 वर्ष को हल्की चोटें आई हैं। रोशन निवासी मुंशीटोला बहेला की बाइक का नंबर एमपी 50 जेडजी 2907 है। वहीं शुभम सुलाखे 18 वर्ष का सीधा पैर टूट गया है। हादसे में बाइक चला रहे अखिलेश उईके का भी सीधा पैर घुटने के ऊपर से टूट गया है। सूचना मिलने पर 112 डायल चालक टीपू और आरक्षक नेमीचंद सेपट मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। सिविल अस्पताल में डॉ. अंकित खरोले, डॉ. अभिषेक, तुलसी दीदी और इंद्रजीत अहिरवार ने घायलों का उपचार किया। वहीं गंभीर रूप से घायल अखिलेश को बेहतर इलाज के लिये रिफर किया गया है।

### कटंगनाले के पास बाइक-स्कूटी की भिड़ंत

इसी दौरान सालेटेकरी मार्ग पर कटंगनाले के पास एक अन्य सड़क हादसा हुआ। यहां बाइक और स्कूटी सवारों की भिड़ंत में आशीष यादव 21 वर्ष निवासी भीमडोंगरी घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेस से सिविल अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।









# टीम इंडिया से बाहर चल रहे युजवेंद्र चहल का गदर, 15 विकेट लेकर मचाई सनसनी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***युजवेंद्र चहल इस वक्त टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। हां, इतना जरूर है कि इस बीच वे अलग अलग वजहों से चर्चा में रहे। जब उन्हें भारत के लिए खेलने का मौका नहीं मिला तो वे वनडे कप खेलने चले गए हैं।***



वहां वे जबरदस्त खेल दिखा रहे हैं और करीब करीब हर मैच में विकेट भी ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में वे इस वक्त सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे नंबर के गेंदबाज बन गए हैं। इससे उनकी वापसी की संभावनाएं भी प्रबल होती हुई नजर आ रही हैं।

## वनडे कप में नॉर्थम्प्टन की ओर से खेल रहे हैं युजवेंद्र चहल..

इस वक्त वनडे कप खेला जा रहा है। इसमें चहल नॉर्थम्प्टन की ओर से खेल रहे हैं। इस साल वे अब तक 7 मैच खेलकर 15 विकेट चटका चुके हैं। इस दौरान उनका औसत 21 का रहा और वे 27.60 के स्ट्राइक रेट से गेंदबाजी कर रहे हैं। इस टर्नामेंट के पहले ही मैच में चहल ने 52 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इसके बाद दूसरे मैच में भी उन्होंने 49 रन दिए और दो विकेट चटका दिए। तीसरे मैच में उनके हाथ 35 रन देकर एक विकेट आया। इसके बाद चौथे में उन्होंने फिर 28 रन देकर एक विकेट अपने नाम किया। इसके बाद अगले मैच में चहल ने 60 रन देकर चार विकेट लेने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद 56 रन देकर दो विकेट लिए। अब तक के आखिरी मैच में उन्होंने 35 रन खर्च किए और 3 विकेट लिए।

## लिस्ट ए में गिना जाता है वनडे कप, 50 ओवर का होता है मुकाबला..

वनडे कप एक नामी टूर्नामेंट है और ये लिस्ट ए क्रिकेट में गिना जाता है। ये 50 ओवर का मैच होता है। इस हिसाब से चहल ने कमाल की गेंदबाजी की है। अब जो भी मैच चहल ने खेला है, सभी में कम से कम एक विकेट तो लिया ही है। इससे पता चलता है कि वे कितनी घातक गेंदबाजी कर रहे हैं।

## साल 2023 के बाद से अब तक भारत के लिए नहीं खेला है कोई मैच..

चहल वैसे भी भारत के लिए टेस्ट खेलते नहीं हैं, वे वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैच खेलते थे, उसमें भी उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है। दोनों फॉर्मेट में उन्होंने अपना आखिरी मैच 2023 में खेला था। तब से लेकर अब तक वे आईपीएल में तो खेल रहे हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिए मौका नहीं मिल पाया है।

## अब तक ऐसा रहा है भारत के लिए चहल का प्रदर्शन..

अब तक युजवेंद्र चहल भारत के लिए 72 वनडे मैच खेलकर 121 विकेट ले चुके हैं। वहीं उनके नाम 80 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 96 विकेट हैं। वे भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाजी बन सकते थे, लेकिन इसी बीच वे बाहर हो गए। अब वे जिस तरह का प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे लगता है कि अगर यूं ही प्रदर्शन जारी रहा तो उनकी वापसी भारतीय टीम में हो सकती है।

# एआर रहमान के बेटे अमीन की कार का हुआ एक्सीडेंट, चेन्नई में कैब से टकराई कार..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सोमवार, 10 अगस्त की सुबह चेन्नई के गिंडी इलाके में एआर रहमान के बेटे और प्लेबैक सिंगर एआर अमीन का कार एक्सीडेंट हो गया। पुलिस ने बताया कि वैगन-आर एक साइड रोड से मुख्य सड़क पर आई और पोर्श से टकरा गई।***



इस बीच एआर रहमान या उनके बेटे ने इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। आपको बता दें कि अमीन एक प्लेबैक सिंगर हैं और उन्होंने कई भारतीय भाषाओं में काम किया है। वह अपने खुद के म्यूजिक प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रहे हैं।

## एआर रहमान के बेटे का एक्सीडेंट..

मिली जानकारी के अनुसार अमीन रहमान एक दोस्त के साथ जा रहे थे तभी ओलंपिया टेक पार्क सिग्नल के पास उनकी कार एक कैब से टकरा गई। यह एक्सीडेंट देर रात हुआ, जिसमें अमीन और उनके दोस्त को मामूली चोटें आईं। टक्कर के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बाद में दोनों को छुट्टी दे दी गई और वे घर लौट आए। यह घटना गिंडी में हुई और पुलिस ने एक्सीडेंट से जुड़ी परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है। टक्कर की वजह के बारे में और जानकारी का इंतजार है।

## एआर रहमान की बेटी ने भाई अमीन की दी हेल्थ अपडेट..

चेन्नई में कार एक्सीडेंट के बाद एआर रहमान की बेटी खतीजा रहमान ने अपने भाई एआर अमीन की सेहत के बारे में जानकारी दी है। सोमवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर खतीजा ने फैंस का उनकी चिंता के लिए शुक्रिया अदा किया और बताया कि अमीन ठीक हैं। उन्होंने हर किसी को अलग-अलग जवाब न दे पाने के लिए माफी भी मांगी। खतीजा ने लिखाः 'सभी को नमस्ते, आपके सभी मैसेज और चिंता के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं हर किसी को अलग-अलग जवाब नहीं दे पा रही हूं। भगवान की कृपा से अमीन सुरक्षित और ठीक हैं।'

## एआर अमीन ने 400 करोड़ी रामायण के लिए गाया गाना..

काम की बात करें तो एआर अमीन ने हाल ही में राम चरण की लेटेस्ट फिल्म 'पेद्दी' के गाने 'चिकिरी चिकिरी' का तमिल वर्शन गाया था। उन्होंने जसलीन रॉयल के साथ इंडिपेंडेंट ट्रैक 'भीगी भीगी' पर भी काम किया है, जिसमें दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर हैं। वहीं इस साल एआर रहमान की तीन फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें 'गांधी टॉक्स', जो सीधे ज़्द्द्र5 पर रिलीज हुई। राम चरण की 'पेद्दी' और इम्तियाज अली की 'मैं वापस आऊंगा' शामिल हैं। म्यूजिक कंपोजर के पास कई और प्रोजेक्ट्स भी हैं। इनमें 'रामायणः पार्ट 1', 'रामायणः पार्ट 2', 'बटवारा 1947', 'मून वॉक' और धनुष की एक बिना नाम वाली फिल्म शामिल है, जिसे मारी सेल्वराज डायरेक्ट कर रहे हैं।

# बैडमिंटन चैंपियनशिपः बंदरों को दूर रखने के लिए लंगूर की आवाज निकालने वाले विशेषज्ञों की ली गई मदद..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अगले सप्ताह यहां शुरू होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान बंदरों की दखलअंदाजी रोकने के लिए आयोजकों ने एक अनोखा उपाय अपनाया है, उन्होंने तीन पेशेवर विशेषज्ञों को बुलाया है, जो लंगूर की तरह आवाज निकाल सकते हैं ताकि बंदरों को स्टेडियम से दूर भगाया जा सके।***



भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने माना कि यह उपाय सुनने में लोगों को मजाकिया लग सकता है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे यह भी पता चलता है कि भारत इस विश्वस्तरीय आयोजन को सफल बनाने के लिए कितनी गंभीरता से प्रयास कर रहा है।

17 वर्षों बाद भारत में लौट रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने मिलकर इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम का व्यापक कायाकल्प किया है। इसका उद्देश्य इस वर्ष जनवरी में हुए इंडिया ओपन के दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई आलोचना जैसी स्थिति से बचना है।

आयोजकों ने तीन प्रशिक्षित 'मंकी व्हिस्परर्स' (बंदरों को नियंत्रित करने वाले विशेषज्ञ) को नियुक्त किया है जो लंगूर की आवाज निकालकर 'रीसस मकाक' प्रजाति के बंदरों को डराकर भगाएंगे। ये बंदर मध्य दिल्ली और इंदिरा गांधी स्टेडियम के आसपास बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। इंदिरा गाधी स्टेडियम में ही 17 से 23 अगस्त तक विश्व चैंपियनशिप आयोजित होगी।

यह अनोखा कदम जनवरी में हुए इंडिया ओपन के बाद उठाया गया है। उस टूर्नामेंट के दौरान बंदर दर्शक दीर्घा तक पहुंच गए थे जिससे कुछ समय के लिए मुकाबलों में व्यवधान पड़ा और इसकी तस्वीरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया में सुर्खियां बनी थीं। विशेषज्ञों के अनुसार, 'रीसस मकाक' बंदर लंगूर से डरते हैं क्योंकि लंगूर आकार में उनसे काफी बड़े होते हैं।

इसी स्वाभाविक डर का फायदा उठाने के लिए लंगूर की आवाज की नकल का इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि ऐसे कार्यों के लिए वास्तविक लंगूरों के इस्तेमाल पर वर्ष 2012 में प्रतिबंध लगा दिया गया था।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता सिंधू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'इस उपाय पर लोग हंस सकते हैं, लेकिन इसके पीछे किए जा रहे प्रयास की सराहना जरूर करनी चाहिए।

भारत दुनिया का स्वागत करने के लिए तैयार हो सके, इसके लिए पर्दे के पीछे बहुत से लोग मेहनत कर रहे हैं। हमारे समाधान भले ही पूरी तरह भारतीय हों, लेकिन हमारी गर्मजोशी, हमारा जज्बा और हमारी मेहमाननवाजी भी उतनी ही भारतीय है।' इस वर्ष दिल्ली विधानसभा ने भी बंदरों को परिसर में आने से रोकने के लिए लंगूर की आवाज निकालने वाले विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के लिए निविदा जारी की थी। आयोजकों द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों में से एक जफर ने बताया, 'जब हम लंगूर जैसी आवाज निकालते हैं तो बंदर वहां से भाग जाते हैं।

इसी तरह हम उन्हें दूर भगाते हैं ताकि सड़क पर वाहन खड़े करने या अन्य गतिविधियों में कोई परेशानी नहीं हो।' उन्होंने कहा, 'यह हमारा पुश्तैनी पेशा है। हम पूरी जिंदगी यही काम करते आए हैं। ऐसी कोई जगह नहीं है जहां मैंने अपनी सेवाएं नहीं दी हों। नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, राष्ट्रपति भवन, गुरुग्राम, चंडीगढ़, मथुरा, जहां से भी हमें काम मिलता है, हम वहां जाकर अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।'

# खतरों के खिलाड़ी 15 से पहला एलिमिनेशन, पहले ही हफ्ते शो से बाहर हुए विशाल आदित्य सिंह, फैंस हुए निराश..

डेस्क जगप्रेरणा।

***रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शुरुआत हो चुकी है और शो से पहला एलिमिनेशन भी हो गया है। इस एलिमिनेशन के चलते सोशल मीडिया यूजर मायूस हो गये हैं, क्योंकि किसी को उम्मीद नहीं थी***



कि पहले ही हफ्ते में शो से इतना मजबूत कंटेस्टेंट बाहर हो जाएगा। 'खतरों के खिलाड़ी' के इस सीजन में नए कंटेस्टेंट्स के साथ-साथ पुराने खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया है और खिलाड़ी नए-पुराने दो ग्रुप में परफॉर्म कर रहे हैं। बिग बॉस 19 विनर गौरव खन्ना ने भी शो में एंट्री ली है, जो हाल ही के एपिसोड में 'पनौती' टैग पर बात करते दिखे। इस बीच शो से पुराने खिलाड़ी विशाल आदित्य सिंह की छुट्टी हो गई, जिसने एक्टर के फैंस को मायूस कर दिया है।

## गर्म वैक्स और रुबीना, रुहानिका और विशाल का संघर्ष..

हाल ही के एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को गर्म वैक्स में एक दर्दनाक स्टंट करना था। इस टास्क में चार कंटेस्टेंट रुबीना दिलैक, रूहानिका धवन, विशाल आदित्य सिंह और हर्ष गुजराल को अपने-अपने हाथों पर गर्म वैक्स इकट्ठा करना था। ये टास्क बेहद दर्दनाक था।

जब होस्ट रोहित शेट्टी ने टास्क के बारे में बताया तो सभी कंटेस्टेंट घबरा गए। उन्होंने बताया कि ये स्टंट 10 मिनट तक चलेगा और अगर किसी भी कंटेस्टेंट को लगे कि वह इसे और आगे नहीं कर सकते तो वह कभी भी पीछे हट सकते हैं। जो कंटेस्टेंट ज्यादा वैक्स इकट्ठी कर पाएगा, वही टास्क का विनर होगा और एलिमिनेशन से सुरक्षित हो जाएगा।

## भावुक हुईं रुहानिका..

स्टंट शुरू होने से पहले रूहानिका धवन भावुक हो गईं और रोने लगीं। ऐसे में रुबीना ने उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश की और साथ ही ये भी माना कि उन्हें भी काफी डर लग रहा है। रुबीना दिलैक ने कहा, 'हम सब डरे हुए हैं, मेरे तो रोंगटे खड़े हो रहे हैं। इस दर्द को सहने के लिए मुझे अपनी पूरी ताकत और सब्र का इस्तेमाल करना होगा।'

टास्क के दौरान विशाल आदित्य सिंह भी डरे हुए लगे। हालांकि, होस्ट रोहित शेट्टी ने ये भी बताया कि ये स्टंट मेडिकल देखरेख में होगा। स्टंट शुरू हुआ और हर्ष गुजराल इसके विजेता बने और रुहानिका, रुबीना और विशाल डेंजर जोन में पहुंच गए।

## खतरों के खिलाड़ी 15 से बाहर हुए विशाल आदित्य सिंह..

रुहानिका, रुबीना और विशाल के बीच एलिमिनेशन स्टंट हुआ, इस टास्क में तीनों कंटेस्टेंट को सांपो से भरे एक ग्लास बॉक्स में रखा गया और तस्वीरों के जरिए उन्हें अलग-अलग तरह के जीवों की पहचान करना था। टास्क में विशाल तीन सांपों को पहचान पाए और रुहानिका ने चार सांपों के नाम बताए, वहीं पांच सांपों की पहचान करके रुबीना ने डेयर जीत लिया और इस तरह, विशाल का 'खतरों के खिलाड़ी 15' का सफर खत्म हो गया। लेकिन, इस एलिमिनेशन ने एक्टर के फैंस को निराश कर दिया है और साथ ही इतने खतरनाक स्टंट्स को लेकर भी सोशल मीडिया यूजर नाराजगी जता रहे हैं।

# हॉकी विश्व कप से पहले पाकिस्तान के गोलकीपिंग कोच को मुख्य कोच बनाया गया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पाकिस्तान की हॉकी टीम को एफआईएच विश्व कप से पहले बड़ा झटका लगा है क्योंकि मुख्य कोच हरमन क्रुइस के नीदरलैंड लौटने के बाद गोलकीपिंग कोच बॉब जोहान वेल्डहॉफ को मुख्य कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।***



क्रुइस अपने मौजूदा दायित्व को जारी रखने के लिए अपने देश नीदरलैंड लौट गए हैं। विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम के रवाना होने से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने घोषणा की कि क्रुइस अब मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालने के बजाय महासंघ के सलाहकार के रूप में काम करेंगे। वहीं वेल्डहॉफ राष्ट्रीय टीम का मार्गदर्शन करेंगे। पीएचएफ ने इस साल जून-जुलाई में यूरोप में खेली गई एफआईएच प्रो लीग के बाद कोचिंग व्यवस्था में बदलाव करते हुए क्रुइस, वेल्डहॉफ और क्रिस्टोफर बोवेन को टीम से जोड़ा था। इन तीनों को क्रमशः मुख्य कोच, गोलकीपिंग कोच और सहायक कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

एक विश्वसनीय सूत्र के मुताबिक क्रुइस ने पीएचएफ को पहले ही बता दिया था कि वह पाकिस्तान टीम के साथ पूर्णकालिक कोच की भूमिका विश्व कप के बाद ही निभा पाएंगे।

सूत्र ने कहा, 'वह अपने मौजूदा दायित्व को जारी रखने के लिए नीदरलैंड लौट गए थे। पीएचएफ को उम्मीद थी कि बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के दौरान वह टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे।' क्रुइस ने हालांकि बाद में स्पष्ट किया कि वह टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान टीम को पूर्णकालिक समय नहीं दे पाएंगे। इसके बाद महासंघ ने पाकिस्तान के किसी पूर्व खिलाड़ी को जिम्मेदारी सौंपने के बजाय वेल्डहॉफ को मुख्य कोच बनाने का फैसला किया।

पाकिस्तान के पूर्व ओलंपियन फरहान खान ने वेल्डहॉफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती उनके मुख्य कोच के रूप में अनुभव की कमी को बताया है। खान ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि वेल्डहॉफ हमारे गोलकीपरों के लिए बेहद उपयोगी साबित होंगे, लेकिन मुख्य कोच के रूप में उनका अनुभव नहीं होना चिंता का विषय है। आधुनिक हॉकी में मुख्य कोच ही अपने सहायक कोच और वीडियो विश्लेषक की मदद से टीम के सभी अहम फैसले लेते हैं।' चार बार की विश्व चैंपियन पाकिस्तान को टूर्नामेंट के पूल डी में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत, इंग्लैंड और वेल्स के साथ रखा गया है। टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को इंग्लैंड के खिलाफ करेगी। विश्व कप का आयोजन 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में किया जा रहा है।

# 17 फिल्मों के बाद क्यों जुदा हो गईं डेविड धवन-गोविंदा की राहें? खुद अभिनेता ने सुनाया किस्सा, किया बड़ा खुलासा..

डेस्क जगप्रेरणा।



गोविंदा और डेविड धवन की जोड़ी एक समय पर बॉलीवुड की सबसे सफल एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ियों में से एक थी। 90 के दशक में दोनों ने साथ में 17 फिल्में कीं, जिनमें से कई फिल्में तो 90 के दशक की पहचान बन गईं। हालांकि, 17 फिल्मों के बाद दोनों का साथ छूट गया।

लंबे समय तक अलग-अलग तरह की थ्योरी चलती रहीं, लेकिन अब इतने सालों बाद गोविंदा ने बताया है कि आखिर दोनों ने अचानक साथ काम करना क्यों बंद कर दिया। गोविंदा के अनुसार, डेविड धवन साथ में और फिल्में करना चाहते थे, लेकिन उन्हें लगा कि डेविड अब उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जहां दोनों का साथ काम करना ठीक नहीं है।

## गोविंदा-डेविड धवन के साथ काम करना क्यों बंद किया?

एएनआई से बात करते हुए गोविंदा ने डेविड धवन के साथ 17 फिल्मों के बाद काम न करने का कारण बताया। उन्होंने निर्देशक की तारीफ करते हुए उन्हें 'भगवान का बच्चा' बताया और कहा- 'मैंने डेविड जी के साथ 17 फिल्में कीं। डेविड भगवान के बच्चे जैसे हैं। जिस समय उन्हें लगा कि समय आ गया है कि मैं गोविंदा के साथ और आगे नहीं बढ़ पाऊंगा, वो ठहर गए। मैं चाहता था कि हम साथ में 18वीं और 19वीं फिल्म करें, लेकिन उन्होंने फिर साथ काम नहीं किया। उनके फैसले के बाद मुझे लगा कि वह अपनी सोच के अनुसार चल रहे हैं। मुझे इस बारे में कभी कोई संदेह नहीं था। कभी-कभी मैं उनसे नाराज हो जाता था। मैं उन्हें फोन करता था और वो समझ जाते थे कि मैं उसने नाराज हूं। अब भी जब कभी मेरी बात आती है, तो वो रोने लगते हैं। वो सच्चे है और एक अच्छे इंसान हैं।'

## डेविड धवन के साथ अपने रिश्ते पर गोविंदा..

गोविंदा का कहना है कि उन्होंने और डेविड धवन ने भले ही सालों से साथ में कोई फिल्म नहीं की है, लेकिन आज भी दोनों के बीच अच्छे रिश्ते हैं। गोविंदा ने बताया कि हाल ही में जब वरुण की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' के रिलीज हुई थी, डेविड ने उन्हें कॉल किया था। इस बारे में बात करते हुए गोविंदा ने कहा- 'अभी जब उनकी फिल्म आने वाली थी, उन्होंने फोन किया था। मुझे लगा मुलाकात करनी चाहिए। उन्होंने फिल्म रिलीज होने के बाद मुझे कॉल किया और कहा कि तू अपनी तकलीफ से बाहर निकल।'

## पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में गोविंदा..

पिछले कुछ दिनों से गोविंदा अपनी पर्सनल लाइफको लेकर चर्चा में हैं। अभिनेता की पत्नी सुनीता आहूजा उन पर एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर के आरोप लगाए हैं। रियेलिटी शो 'लॉकअप 2' में भी सुनीता ने गोविंदा को लेकर बात की थी और कहा था कि

उनके कई अफेयर रहे हैं। वहीं हाल ही में गोविंदा को मुंबई एयरपोर्ट पर एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार के साथ स्पॉट किया गया, जिनके साथ गोविंदा 'रूपा' में काम कर रहे हैं। सुनीता, ने एक इंटरव्यू में 'कोमल' नाम का जिक्र करते हुए कहा था कि उन्हें इस नाम से नफरत है।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




# साहित्य अभिव्यक्ति






दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## अमेरिकी सीनेट में लिंडसे ओ. ग्राहम रूस और ईरान प्रतिबंध अधिनियम, 2026 भारी बहुमत 86/11 से पारित -भारत पर अमेरिकी दबाव: रूस से तेल खरीद, निर्यात और आर्थिक कूटनीति की नई अग्निपरीक्षा?

वैश्विक स्तरपर, भारत के सामने एक साथ चार ऐसे घटनाक्रम खड़े हैं,जिनका असर केवल तत्काल राजनीति या कूटनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी व्यापार, निवेश, शेयर बाजार, गैर-सरकारी क्षेत्र और भारत की दीर्घकालिक विकास रणनीति तक पहुंच सकता है। 8 अगस्त 2026 को शाम 6 तक की स्थिति देखें तो,भारत के आर्थिक, वाणिज्यिक कूटनीतिक और विधायी परिदृश्य में एक साथ कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम दिखाई दे रहे हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि संसद का मानसून सत्र 13 अगस्त तक चलना है और इसी बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे निर्णय और प्रस्ताव सामने आए हैं, जिनका प्रभाव भारत की ऊर्जा सुरक्षा, निर्यात, विदेशी निवेश,शेयर बाजार, गैर- सरकारी संस्थाओं तथा दीर्घकालीन आर्थिक विकास पर पड़ सकता है। एक ओर अमेरिकी सीनेट ने रूस और ईरान पर प्रतिबंधों से जुड़ा लिंडसे ओं ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ़ 2026 क़ो बहुत भारी बहुमत 86/11 (यानें 11 के मुकाबले 86) मतों से पारित किया है,जिसमें रूस की ऊर्जा खरीद करने वाले देशों पर राष्ट्रपति को 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार देने का प्रावधान है; दूसरी ओर सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने मक्का में सामूहिक रक्षा समझौता किया है। साथ ही भारत में एफसीआरए व्यवस्था को और कठोर बनाने वाला प्रस्तावित संशोधन और कराधान एवं अन्य विधियां (संशोधन) विधेयक 2026 इनमें सबसे महत्वपूर्ण अमेरिकी सीनेट द्वारा रूस और ईरान से संबंधित प्रतिबंध विधेयक को मंजूरी सऊदी अरब- तुर्किये-पाकिस्तान का संयुक्त रक्षा समझौता, विदेशी अंशदान विनियमन कानून में संभावित संशोधन और कराधान संबंधी संशोधन विधेयक का लोकसभा से पारित होना है। इन चारों घटनाक्रमों को अलग-अलग देखने के बजाय एक साथ समझना भारत की भविष्य की आर्थिक और रणनीतिक दिशा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम पहले मोर्चे रूस से तेल और अमेरिकी 100 प्रतिशत टैरिफ का खतरा भारत की ऊर्जा सुरक्षा बनाम निर्यात सुरक्षा, इसको समझने की करें तो अमेरिकी सीनेट ने रूस और ईरान से संबंधित प्रतिबंध विधेयक को 86 के मुकाबले 11 मतों से पारित किया है। प्रस्तावित व्यवस्था के अंतर्गत रूस से तेल और गैस खरीदने वाले भारत,चीन,अजरबैजान, हंगरी और स्लोवाकिया जैसे देशों से अमेरिका आने वाले सामान पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को मिल सकता है। हालांकि यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि यह अभी कानून नहीं बना है। इसे अमेरिकी प्रतिनिधि सभा से पारित होना और उसके बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलना आवश्यक है।इसलिए वर्तमान स्थिति को भारत पर तत्काल 100 प्रतिशत शुल्क लागू होना कहना सही नहीं होगा।अतः फिर भी भारत के लिए यह गंभीर आर्थिक संकेत है। रूस से सस्ता कच्चा तेल मिलने के कारण भारतीय तेल शोधन कंपनियों को पिछले कुछ वर्षों में लागत नियंत्रित करने में सहायता मिली है।यदि अमेरिकी दबाव के कारण भारत को रूसी तेल की खरीद कम करनी पड़ती है और महंगे स्रोतों से तेल लेना पड़ता है तो इसका प्रभाव केवल तेल कंपनियों तक सीमित नहीं रहेगा। परिवहन, विमानन,रसायन, उर्वरक, प्लास्टिक, विनिर्माण और अन्य अनेक उद्योगों की लागत बढ़ सकती है। इससे महंगाई पर भी दबाव उत्पन्न हो सकता है।दूसरी ओर यदि भारत रूसी तेल खरीद जारी रखता हैऔर अमेरिका भारतीय उत्पादों परअत्यधिक शुल्क लगाता है तो अमेरिका को निर्यात करने वाली भारतीय कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित हो सकती है। वस्त्र, औषधि, इंजीनियरिंग उत्पाद, वाहन कलपुर्जे, रत्न-आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देना होगा।

साथियों, लेकिन इस चुनौती में भारत के लिए अवसर भी छिपा है।भारत को अमेरिका पर अत्यधिक निर्भरता घटाते हुए यूरोप,अफ्रीका,पश्चिम एशिया,दक्षिण-पूर्व एशिया और लैटिन अमेरिका में नए बाजार विकसित करने चाहिए। इससे किसी एक देश की व्यापार नीति में परिवर्तन का भारतीय निर्यात पर अत्यधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।कच्चे तेल की कीमत और भारतीय अर्थव्यवस्था

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार- चढ़ाव बना हुआ है। 8 अगस्त को दिए गए आंकड़ों के अनुसार अमेरिकी डब्ल्यूटीआई कच्चे तेल में लगभग 1.15 प्रतिशत और ब्रेंट कच्चे तेल में लगभग 1.29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई।भारत के लिए कच्चे तेल की कीमत अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता का बड़ा हिस्सा आयात करता है। तेल महंगा होने पर देश का आयात व्यय बढ़ सकता है, व्यापार घाटे पर दबाव आ सकता है और रुपये की विनिमय दर प्रभावित हो सकती है। शेयर बाजार में भी इसका असर अलग-अलग क्षेत्रों में दिखाई दे सकता है। विमानन, परिवहन और अधिक ईंधन खर्च करने वाले उद्योगों पर दबाव बढ़ सकता है, जबकि ऊर्जा क्षेत्र की कुछ कंपनियों को लाभ हो सकता है।इसलिए निवेशकों को आने वाले समय में केवल शेयर बाजार के सूचकांकों पर ही नहीं, बल्कि कच्चे तेल की कीमत, रुपये की स्थिति, भारत का व्यापार घाटा और अमेरिकी व्यापार नीति पर भी नजर रखनी होगी।

साथियों बात अगर हम दूसरा मोर्चाःमक्का रक्षा समझौता भारत के लिए नया पश्चिम एशियाई रणनीतिकसमीकरण इसको समझने की करें तो,7 अगस्त को सऊदी अरब, तुर्किये और पाकिस्तान ने मक्का में संयुक्त रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किएइसके अंतर्गत किसी एक देश पर सशस्त्र हमला होने की स्थिति में तीनों देशों के बीच सामूहिक रक्षा सहयोग की व्यवस्था की गई है। इसे कई विश्लेषक एक नए क्षेत्रीय सुरक्षा समूह के रूप में देख रहे हैं, हालांकि इसे तत्काल औपचारिक रूप से इस्लामी नाटो कहना उचित नहीं होगा।भारत के लिए इस समझौते का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि सऊदी अरब भारत का महत्वपूर्ण ऊर्जा और निवेश साझेदार है, जबकि पाकिस्तान भारत का पड़ोसी और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील देश है। तुर्किये भी पश्चिम एशिया और व्यापक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है।भारत को इस घटनाक्रम को केवल भारत-पाकिस्तान संबंधों के दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिए। पश्चिम एशिया भारत के लिए ऊर्जा, व्यापार, रोजगार, निवेश और समुद्री सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत को सऊदी अरब तथा अन्य खाड़ी देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंध और मजबूत करने होंगे। इसका सबसे बड़ा अवसर भारत की ऊर्जा स्रोतों में विविधता है। रूस के साथ संबंध बनाए रखते हुए भारत को खाड़ी देशों, अमेरिका, अफ्रीका और अन्य ऊर्जा उत्पादक देशों से भी दीर्घकालीन आपूर्ति व्यवस्था विकसित करनी होगी। इससे किसी एक क्षेत्र में संकट उत्पन्न होने पर भारत की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित नहीं होगी।

साथियों बात अगर हम तीसरा मोर्चाः एफसीआरए संशोधन राष्ट्रीय सुरक्षा और पारदर्शिता बनाम नागरिक समाज की स्वतंत्रता इसको समझने की करें तो एफसीआरए का विषय आर्थिक से अधिक संस्थागत और लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है।विदेशी अंशदान विनियमन कानून विदेशी स्रोतों से भारत में आने वाले धन पर नियंत्रण और निगरानी का प्रमुख कानून है। इसका प्रभाव गैर-सरकारी संगठनों, न्यासों, समितियों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं पर विशेष रूप से पड़ता है।प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य सरकार के अनुसार विदेशी धन की पारदर्शिता, निगरानी और जवाबदेही बढ़ाना है। संभावित बदलावों में विदेशी धन के वास्तविक अंतिम स्रोत की जानकारी, धन के उपयोग की अधिक कठोर निगरानी तथा विदेशी धन से बनाई गई संपत्तियों के संबंध में सरकार द्वारा नियुक्त प्राधिकरण को अधिकार देने जैसे प्रावधान शामिल हैं।यदि किसी संस्था का विदेशी अंशदानपंजीकरण समाप्त या निरस्त होता है तो विदेशी धन से बनाई गई संपत्तियों के प्रबंधन और निपटान को लेकर सरकारी नियंत्रण बढ़ सकता है। संस्थाओं को लेखा-जोखा, लेखा परीक्षण, दानदाताओं की जानकारी और धन के उपयोग का अधिक विस्तृत विवरण देना पड़ सकता है।सरकार का तर्क है कि इससे विदेशी धन के दुरुपयोग, अवैध गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप को रोकने में सहायता मिलेगी।

साथियों दूसरी ओर आलोचकों का कहना है कि अत्यधिक कठोर व्यवस्था से छोटे गैर-सरकारी संगठनों पर अनुपालन का बोझ बढ़ सकता है और शिक्षा, स्वास्थ्य राहत तथा सामाजिक कार्य करने वाली संस्थाओं के लिए विदेशी सहायता प्राप्त करना कठिन हो सकता है।यही कारण है कि इस कानून के केंद्र में एक महत्वपूर्ण प्रश्न है, राष्ट्रीय सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए नागरिक समाज की स्वतंत्रता और कार्यक्षमता का संतुलन कैसे बनाया जाए?जहां तक 10, 11 और 12 अगस्त को कांग्रेस द्वारा अपने सांसदों के लिए तीन पंक्तियों का सचेतक जारी किए जाने और 12 अगस्त को विधेयक आने की संभावना का प्रश्न है, इसे फिलहाल राजनीतिक आशंका और संभावित संसदीय घटनाक्रम के रूप में देखना उचित होगा। जब तक आधिकारिक कार्यसूची में स्पष्ट रूप से इसे शामिल न किया जाए, इसे निश्चित कार्यक्रम मानना उचित नहीं होगा।

साथियों बात अगर हम चौथा मोर्चाः6 अगस्त को लोकसभा ने टैक्सशन एंड अदर लॉस (अमेन्डमेंट ) बिल, 2026 पारित किया। कर सुधार और विदेशी निवेश के लिए नया अवसरकराधान और अन्य विधियां (संशोधन) विधेयक, 2026 के लोकसभा से पारित होने को भारत की आर्थिक नीति में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। इसका उद्देश्य विदेशी निवेश को आकर्षित करना, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देना तथा कर व्यवस्था में अधिक निश्चितता प्रदान करना है।यदि विदेशी निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों से प्राप्त ब्याज और पूंजीगत लाभ पर कर संबंधी राहत मिलती है तथा इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के विनिर्माण के लिए मशीनरी और पूंजीगत वस्तुएं उपलब्ध कराने वाली विदेशी कंपनियों को दीर्घकालीन कर प्रोत्साहन मिलता है, तो भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने में सहायता मिल सकती है।आज विश्व की बड़ी कंपनियां चीन के अतिरिक्त वैकल्पिक उत्पादन केंद्र खोज रही हैं। भारत के पास विशाल घरेलू बाजार, कुशल मानव संसाधन, बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था और तेजी से विकसित होता आधारभूत ढांचा है। यदि कर स्थिरता, सरल नियम और निवेश-अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाता है तो इलेक्ट्रॉनिक्स आंकड़ा केंद्र, अर्धचालक, रक्षा उत्पादन और उच्च तकनीकी विनिर्माण में भारत बड़ी छलांग लगा सकता है।

साथियों, निवेशकों के लिए चुनौती और अवसर इन चारों घटनाक्रमों का संयुक्त प्रभाव भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ा सकता है। अमेरिकी व्यापार नीति और कच्चे तेल की कीमतें अल्पकाल में चिंता पैदा कर सकती हैं, जबकि कर सुधार और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के प्रोत्साहन दीर्घकाल में निवेश के नए अवसर पैदा कर सकते हैं।भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण रणनीति अब विविधीकरण की होनी चाहिए ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण निर्यात बाजारों का विविधीकरण विदेशी निवेश के स्रोतों का विविधीकरण और विनिर्माण क्षेत्र का विविधीकरण। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि चुनौती बड़ी है, लेकिन अवसर उससे भी बड़ा, 8 अगस्त 2026 शाम 6 बजे तक का वैश्विक परिदृश्य भारत को एक स्पष्ट संदेश देता है कि आने वाला आर्थिक दौर केवल विकास दर बढ़ाने का नहीं, बल्कि रणनीतिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक विविधीकरण का होगा।अमेरिकी शुल्क का संभावित खतरा भारत के निर्यात के लिए चुनौती है, पश्चिम एशिया का नया रक्षा समीकरण कूटनीतिक सतर्कता की मांग करता है, विदेशी अंशदान कानून पारदर्शिता और नागरिक स्वतंत्रता के संतुलन की परीक्षा लेता है तथा कर सुधार भारत को वैश्विक विनिर्माण और निवेश का बड़ा केंद्र बनाने का अवसर देता है।यदि भारत इन चारों चुनौतियों को समन्वित रणनीति के साथ संभालता है तो वर्तमान वैश्विक अस्थिरता भारत के लिए संकट नहीं,बल्कि नई आर्थिक शक्ति बनने का अवसर सिद्ध हो सकती है। आने वाले समय में भारत की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच कितनी तेजी से अपने ऊर्जा स्रोत, व्यापारिक बाजार, निवेश साझेदार और विनिर्माण क्षमता का विस्तार करता है। यही 2026 के बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत की सबसे बड़ी रणनीतिक परीक्षा और सबसे बड़ा अवसर है।


लेखक



एडव्होकेट किशन भावनानी गोंदिया


## जीवन पथ..

जीवन पथ पर अगर चलना होगा,
तो कई कठिनाइयों को झेलना होगा,
अपने आप को अकेले ही संभाल कर,
सफ़र का पथिक बनना होगा।

चलते-चलते कभी थक जाएंगे तो,
अपनी नजरों में गिर जाएंगे तो,
खुद को साहस देकर कदम बढ़ाना होगा,
अगर कभी ठोकर खा गिर जाएंगे तो।

सच है कि सफ़र में कई लोग रूठ जाएंगे,
अपनों से पीठ पर हम खंजर भी खाएंगे,
लंगड़ाते हुए सही पर चलना तो पड़ेगा,
फिर सफ़र पूरा कर
जश्न मनाएंगे।

पर, शायद सफर
उपरांत हम न रह पाएं,
कुछ जो दिल में
था वह न कह पाएं,
इसका अफ़्सोस
हमेशा रह जाएगा,
शायद अधूरी इच्छाओं को
हम पूरा न कर पाएं।


रचनाकार



प्रणव राज, बिहार


## अब के सावन में..

अब के सावन में सब कुछ ठीक-ठाक चले,
बादल भी बरसें पर सुकून के साथ चले।
किसी की छत न टपके, किसी का रास्ता न रुके,
दिल के रिश्ते भी बिना शिकायत चले।

जीवन सरल और सहज चले,
न कोई जल्दी, न कोई बोझ चले।
सुबह चाय संग रिमझिम हो,
शाम भजन और दीपक संग हो।

किसान के खेत लहलहाएं,
बच्चे स्कूल जाएं,
बीमार को दवा,
बूढ़े को सहारा मिले।
भोलेनाथ की कृपा
की बूंदें सब पर गिरें,
और हर दुआ
धीरे-धीरे फ़्ल जाए।

अब के सावन में
बस इतना हो जाए
जीवन सरल और सहज चले।


रचनाकार



हिमांशु हाड़गे बालाघाट


## गबन कर रहें हैं..


खा खा के अपना बदन कर रहें हैं
हमनें सुना है वो गबन कर रहें हैं
आते नहीं है गिरफ्त में कभी भी
कई राज दिल में दफ़्न कर रहें हैं
हाथ है उनके सर पे किसी आँका का
देखो तो कैसे पतन कर रहें हैं
वो पहने हुए है
मुखौटा भोलेपन का
साथ साथी के
अपने गठन कर रहें हैं
नजर आते हैं सूट
बूट में वो हमेशा
बंद कुर्ते की अपने
बटन कर रहें हैं
चोरी चकारी नम्बर
दो के है धंधे
इकट्ठा तभी तो इतना
धन कर रहें हैं


रचनाकार



किशोर छिपेश्वर 'सागर', बालाघाट



## शब्दवर्गपहेली क्र.- 243



ck;! l! nk;! !& 1) किसी साथी का राज जाननेवाला 5) प्रभात, प्रातःकाल 8) सहज मिलनेवाला 11) जो सर्वदा हरा बना रहे 15) छानबीन, तलाश 17) कसकर बांधना, अकड़ना 18) खड्ग, समशेर 19) गरदन, गला 20) गन्ध, वास 21) घमंड़ 23) घमंड, नखरा, चोचला 25) दिया हुआ वचन 26) देने का कार्य 27) अवलोकन, देखने की क्रिया 29) हिन्दुओंका एक महिना जिसमें होली त्यौहार आता है 31)भली या बुरी लत, अभ्यास 33) गीला 35) रात, निशा 36) एक चर्मरोग 37) कुछ साल पूर्व ओम पुरी और दीपा साही का दूरदर्शन पर दिखाया गया एक विवादास्पद धारावाहिक 39) शरीर की उंचाई, डीलडौल 41) पराक्रमी 43) मध्य प्रदेश का एक प्रमुख शहर 45) व्यभिचारिणी, वेश्या 48) वृक्षों में भी जान होती है, यह सिद्ध करनेवाले एक प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक 50) नाना के पिता 52) चिपचिपाहट 53) विषैला 54) उष्ण 55) धमनी 56) कार्य, करामात 58) भक्षण करना 59) बड़ी नाली 60) दिवस 61) देवताओं द्वारा प्रसन्न होने पर दिया जानेवाला वर 62) हटना, खिसकना 65) लोप, विलय 67) किश्ती 68) रमण का अपभ्रंश रूप 69) वह स्थान जहां चीजें तैयार होती है 70) हिमालय से निकलनेवाली एक नदी जो गंगोत्री के पास गंगा मिलती है 72) पुत्र 73) गंगा का उगमस्थल माना जानेवाला उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख तीर्थ 74) ठंड़ का मौसम 76) एक किस्म का गीत 78) प्रस्थान, कहीं से जाने की अनुमति 79) पवन 80) दहकता कोयला 81) पूर्णिमा 82) उष्णता, ज्वर 84) बड़प्पन 86) बिना किसी बाधा के 87) जो पुरा न हो 88) ऋण 89) रसीला 91) कंजूस 92) चमचा 93) कृती, बनाना 95) नौ रस 96) वसुदेव- देवकी का पुत्र 97) कपड़े के छेद को तागे से भरने की क्रिया 99) टरटर या बकबक करना 101) जिसका कोई वारिस न हो 103) जड़ 104) धर्म 105) सुगंध 107) मूर्च्छा 108) दुष्कीर्ति 111) मूषक 112) दरी 113) व्यायाम 114) कलाकार 115) बगीचा

Åij l! ulp:– 1) मुसलमानोंद्वारा की गयी मक्का मदीने की यात्रा 2) उद्देश्य, लक्ष 3) नीच, निकम्मा 4) स्त्री जैसा, जताना 5) आत्मज, पुत्र 6) दंगा, दो दलों में होनेवाली मारपीट 7) जहां खूब हवा लगती हो 9) लगने की क्रिया या भाव, लगाव 10) श्रीरामजी के एक भाई 11) बिहार का एक राजनीतिक दल 12) जलानेवाला 13) बगुला 14) एक विदेशी शराब 16) जीभ, भाषा, बोली 22) बार 24) झुका हुआ 26) बहुत दानधर्म करनेवाला 28) बायां 30) एक पुराने नेता जिन्हे दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ 31) ध्वनि 32) भाग्य 34) नोबल पुरस्कार से सम्मानित हमारे एक साहित्यिक 35अ) पानी 36) दबाना 37) रहम खाना 38) आसान 40) गणित में वह बिंदू जिससे हर में दस या उसका कोई घात होता है 42) दूध औटाकर एवं शक्कर ड़ालकर बनाया जानेवाला एक खाद्य व्यंजन 43) महोदय 44) सेतु 46) वास करना 47) X X अरूण, फिल्म जगत की एक गायिका 49) आकाश 50) परदे में रहनेवाली (स्त्री) 51) रत्न 56) भाग्य का कार्य 57) बरसात 60) दीप 61) दुल्हा 62) आसानी 63) खुले स्थान को घेरने के लिये लगाया मोटा कपड़ा 64) केश 66) जब (सं.) 67) ठिंगना 69) पिता का भाई 70) निराहार 71) फिल्म जगत की एक प्रसिद्ध गायिका 72) विधवा 73) शंकर 75) क्रोधित होना 77) एक प्रसिद्ध महाराष्ट्रीय संत 79) खलबली 80) माता 81) वाक्य समाप्त होने पर लगाया जानेवाला अवतरण चिन्ह 83) लालन पालन 85) गिनती 86) आश्चर्य 87) प्रदीप कुमार और बीना रॉय की एक पुरानी फिल्म 90) रसदार 94) तुरन्त 95) नया आया हुआ 98) बेढंगा, भद्दा 100) व्यर्थ 102) चिपकाना का भूतकाल 104) बड़ा 106) कसौटी 108) नखरा 109) तोता 110) अग्नि (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब







जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## देश में बेरोजगारी दर जून तिमाही में लगभग स्थिर: सरकारी सर्वेक्षण

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान बेरोजगारी दर और कुल आबादी में काम करने वाले लोगों का अनुपात सालाना आधार पर लगभग स्थिर रहा। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार,***



रोजगार से वंचित कामकाजी उम्र की आबादी में बेरोजगारी दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 5.5 प्रतिशत रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी।

कुल श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) जून, 2026 में 51.4 प्रतिशत रहा। यह पिछले महीने के स्तर के बराबर है। हालांकि, जून, 2025 के 51.2 प्रतिशत की तुलना में इसमें 0.2 प्रतिशत अंक की मामूली वृद्धि हुई।

मंत्रालय के तहत आने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के निश्चित अवधि पर होने वाला श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में भी देश के शहरी रोजगार बाजार की स्थिति स्थिर पाई गई। यह सर्वेक्षण बेरोजगारी और श्रम बल में लोगों की भागीदारी को मापता है।

सालाना आधार पर शहरी बेरोजगारी दर घटकर जून, 2026 में 6.6 प्रतिशत रही, जो जून, 2025 में 7.1 प्रतिशत थी। वहीं, ग्रामीण बेरोजगारी दर इस अवधि के दौरान लगभग स्थिर रही। आंकड़ों के अनुसार, कुल श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) यानी कामकाजी उम्र की वह आबादी जो रोजगार में है या सक्रिय रूप से रोजगार तलाश रही है, जून, 2026 में 54.4 प्रतिशत रही। यह पिछले महीने के बराबर और जून, 2025 के 54.2 प्रतिशत से मामूली अधिक है।

महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर जून, 2026 में 32.7 प्रतिशत रही, जबकि इससे पिछले महीने मई में यह 32.8 प्रतिशत थी। हालांकि, यह पिछले साल के इसी महीने के 32 प्रतिशत के मुकाबले 0.7 प्रतिशत अंक अधिक है। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम बल भागीदारी में पुरुषों और महिलाओं के बीच का अंतर शहरी क्षेत्रों की तुलना में कम हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की श्रम बल भागीदारी दर जून, 2026 में बढ़कर 36.6 प्रतिशत हो गई, जो जून, 2025 के 35.2 प्रतिशत से 1.4 प्रतिशत अंक अधिक है।

इसके उलट, शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी दर जून, 2026 में मामूली घटकर 24.8 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल जून में 25.2 प्रतिशत थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में कुल श्रमिक जनसंख्या अनुपात 53.8 प्रतिशत पर स्थिर रहा। यह पिछले महीने के समान था और जून, 2025 के 53.3 प्रतिशत से 0.5 प्रतिशत अंक अधिक है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात मामूली सुधार के साथ जून, 2026 में 46.8 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले महीने यह 46.6 प्रतिशत था। सांख्यिकी मंत्रालय ने कहा कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के कामगारों की कुल संख्या का अनुमान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अनुमानित जनसंख्या आंकड़ों के आधार पर लगाया गया है।

देश में अप्रैल-जून, 2026 के दौरान औसतन 56.6 करोड़ लोग (15 वर्ष और उससे अधिक आयु के) रोजगार में थे। इनमें 40.2 करोड़ पुरुष और 16.4 करोड़ महिलाएं शामिल थीं। देशभर में तिमाही अनुमान सर्वेक्षण में शामिल कुल 5,59,673 लोगों से जुटाई गई जानकारी के आधार पर तैयार किए गए हैं।

## सड़क दुर्घटनाओं में मौतों का आंकड़ा शून्य करने की दिशा में काम कर रहा राजमार्ग मंत्रालय: गडकरी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या शून्य पर लाने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए अधिक दुर्घटनाओं वाले 100 जिलों की पहचान कर वहां***



तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की संख्या आधी करना है। 'आईसीआईसीआई लोम्बार्ड' के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना सबसे बड़ी चुनौती है।

उन्होंने कहा, ''सड़क दुर्घटनाओं में मौतों को शून्य पर लाने के लिए काम किया जा रहा है। अधिक दुर्घटनाओं वाले 100 जिलों की पहचान की गई है और दुर्घटना संभावित स्थलों पर तत्काल सुधार के उपाय किए जा रहे हैं।''

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 5.3 प्रतिशत बढ़कर 5.13 लाख से अधिक हो गई। इन दुर्घटनाओं में 1,83,382 लोगों की मौत हुई, यानी औसतन हर घंटे 21 लोगों की जान गई। इस दौरान देश में हर घंटे औसतन 59 सड़क दुर्घटनाएं हुईं।

गडकरी ने कहा कि वर्ष 2026 की पहली छमाही में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस विभागों ने देशभर में 2,85,770 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौतें दोपहिया वाहनों से जुड़े मामलों में हुईं। इसके बाद कार, टैक्सी, वैन और अन्य हल्के मोटर वाहनों तथा ट्रकों का स्थान रहा।

गडकरी ने कहा कि यदि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनना सुनिश्चित करें तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

उन्होंने बताया कि सड़क उपयोगकर्ताओं की श्रेणी में कुल मौतों में दोपहिया वाहन चालकों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 46.2 प्रतिशत रही। इसके बाद पैदल यात्रियों की हिस्सेदारी 20.6 प्रतिशत और कार, टैक्सी, वैन तथा अन्य हल्के मोटर वाहनों में यात्रा करने वालों की 12.4 प्रतिशत रही।

गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से देश को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग तीन प्रतिशत आर्थिक नुकसान होता है। इससे निपटने के लिए सड़क अभियांत्रिकी, सुरक्षित वाहन निर्माण और यातायात नियमों के कड़े अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


उन्होंने कहा कि जब उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री का पद संभाला था तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अमेरिका का वाहन उद्योग 78 लाख करोड़ रुपये, चीन का 47 लाख करोड़ रुपये और भारत का 22 लाख करोड़ रुपये का है।

गडकरी ने कहा कि देश में वाहन उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है और यह माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के रूप में केंद्र और राज्य सरकारों को सबसे अधिक राजस्व देने वाले क्षेत्रों में शामिल है।

## ट्राई ने यूटिलिटी, लॉजिस्टिक कंपनियों के लिए 1601 नंबर श्रृंखला अनिवार्य की

नई दिल्ली, (भाषा)।

***दूरसंचार नियामक ट्राई ने सोमवार को बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं एवं बीमा (बीएफएसआई) तथा सार्वजनिक क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों की सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए अलग 1601 नंबर श्रृंखला के इस्तेमाल का निर्देश दिया।***




भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि पहले चरण में 1601 नंबर श्रृंखला का उपयोग बिजली, पानी, रसोई गैस, शहर गैस, कूरियर और लॉजिस्टिक क्षेत्र की कंपनियां अपने ग्राहकों को सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल करने के लिए करेंगी। इन नंबरों का उपयोग किसी भी तरह की प्रचार (प्रमोशनल) कॉल के लिए नहीं किया जा सकेगा।

अभी 1600 नंबर श्रृंखला का उपयोग केवल बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र तथा सरकारी संस्थाओं की सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए किया जाता है।

ट्राई ने कहा कि बीएफएसआई और सरकारी संस्थाओं की कॉल संवेदनशील और महत्वपूर्ण होती हैं। इसलिए अन्य क्षेत्रों की सेवा संबंधी कॉल के लिए अलग 1601 श्रृंखला शुरू की गई है, ताकि दोनों तरह की कॉल में भ्रम न हो।

नियामक के अनुसार, हितधारकों से चर्चा के बाद पहले चरण में उपयोगिता सेवाओं (यूटिलिटीज), कूरियर और लॉजिस्टिक क्षेत्र को 1601 श्रृंखला में शामिल किया गया है। 1601 नंबर सीधे पात्र कंपनियों को दिए जाएंगे। दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) कंपनियों की पात्रता की जांच करने के बाद ही ये नंबर आवंटित करेंगे। किसी बिचौलिये या एग्रीगेटर को यह नंबर नहीं दिए जाएंगे।

ट्राई का कहना है कि नई नंबर श्रृंखला से जालसाजों द्वारा सामान्य 10 अंक के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल कर कंपनियों के नाम पर धोखाधड़ी करने की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। साथ ही उपभोक्ता आसानी से पहचान सकेंगे कि कॉल किसी वास्तविक सेवा प्रदाता की है।

पहले चरण में 1601 श्रृंखला बिजली वितरण कंपनियों, जलापूर्ति सेवाओं, शहर गैस वितरण कंपनियों, एलपीजी वितरकों तथा अन्य उपयोगिता सेवा प्रदाताओं के अलावा कूरियर, एक्सप्रेस लॉजिस्टिक, पार्सल डिलिवरी और माल ढुलाई से जुड़ी कंपनियों को दी जाएगी।

ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे पहले चरण के तहत आने वाली पात्र कंपनियों का 90 दिन के भीतर नए नंबरों पर स्थानांतरण और पंजीकरण पूरा करें। नियामक ने कहा कि दूरसंचार कंपनियां नंबर आवंटित करने से पहले कंपनियों की पात्रता की जांच करेंगी और उनसे यह लिखित आश्वासन लेंगी कि इन नंबर का उपयोग केवल सेवा और लेनदेन संबंधी कॉल के लिए ही किया जाएगा। ट्राई ने स्पष्ट किया कि 140 नंबर श्रृंखला केवल पंजीकृत संस्थाओं की प्रचार कॉल के लिए है, जबकि 1600 श्रृंखला बीएफएसआई और सरकारी संस्थाओं की सेवा एवं लेनदेन संबंधी कॉल के लिए आरक्षित है।

हाल ही में ट्राई और ट्रूकॉलर के बीच 140 और 1600 नंबरों पर स्पैम टैग दिखाने को लेकर विवाद हुआ था। ट्राई ने दोहराया कि 1600 नंबर पर किसी प्रकार का स्पैम टैग नहीं लगाया जाना चाहिए, क्योंकि इनका उपयोग बैंकों, वित्तीय संस्थानों, बीमा कंपनियों और सरकारी एजेंसियों की महत्वपूर्ण सूचनाएं, जैसे लेनदेन की पुष्टि और धोखाधड़ी संबंधी चेतावनी, देने के लिए किया जाता है।

## शेयर बाजार में मामूली बढ़त; सेंसेक्स 43 अंक चढ़ा, निफ्टी स्थिर

मुंबई, (भाषा)।

***वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल के भाव में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को मामूली तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 43 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 13 अंक की तेजी रही।***




तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 43.27 अंक यानी 0.06 प्रतिशत बढ़कर 78,542.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 78,676.98 अंक तक गया और नीचे में 78,298.92 अंक तक आया। इस तरह कारोबार के दौरान इसमें 378.06 अंक का उतार-चढ़ाव रहा।

इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी भी 13.15 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,583.80 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाइटन, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स और इन्फोसिस के शेयरों में तेजी रही।

वहीं, भारतीय स्टेट बैंक, इटर्नल, एनटीपीसी, आईटीसी और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.10 प्रतिशत बढ़कर 84.47 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी अनिश्चितता ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित किया। हालांकि, कंपनियों के उत्साहजनक तिमाही नतीजों से बाजार धारणा को समर्थन मिला।''

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका में रोजगार के उम्मीद से कमजोर आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की सख्त मौद्रिक नीति की संभावनाओं को कम किया है। अब निवेशकों का ध्यान अमेरिका के महंगाई के आंकड़ों पर है, जो ब्याज दरों और बॉन्ड प्रतिफल की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.22 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट मामूली 0.16 प्रतिशत के लाभ में रहा।

क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी क्षेत्र का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। इसमें 1.60 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा उपभोक्ता टिकाऊ वस्तु क्षेत्र में 1.21 प्रतिशत, पूंजीगत वस्तुओं में 0.47 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में 0.41 प्रतिशत, केंद्रित आईटी सूचकांक में 0.34 प्रतिशत और आईटी क्षेत्र में 0.22 प्रतिशत की बढ़त रही।

वहीं, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सूचकांक में 1.30 प्रतिशत की गिरावट आई। आवास वित्त क्षेत्र 0.59 प्रतिशत, 'मिडस्मॉल प्राइवेट बैंक्स क्वॉलिटी टिल्ट' सूचकांक 0.55 प्रतिशत और मिडस्मॉल प्राइवेट बैंकों का सूचकांक 0.36 प्रतिशत नीचे रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 480.24 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लगभग स्थिर रहे। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया में घटनाक्रम को लेकर बनी अनिश्चितता ने अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़ों से मिलने वाली सकारात्मक धारणा को कमजोर कर दिया। कमजोर रोजगार आंकड़ों से अमेरिकी फेडरल रिजर्व की कम सख्त नीति की उम्मीद बढ़ी है।''

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका में इस सप्ताह महंगाई से के आंकड़े आने हैं। ऐसे में निवेशकों ने नए आर्थिक संकेतों के इंतजार में सतर्क रुख अपनाया।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। वहीं, शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

इससे पहले, शुक्रवार को सेंसेक्स 455.59 अंक यानी 0.58 प्रतिशत टूटकर 78,499.17 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 65.35 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,570.65 अंक पर रहा था।

## राजस्व विभाग अवैध चेक-पोस्ट पर राज्यों से 'जमीनी हकीकत' का पता लगाए: संसदीय समिति

नई दिल्ली, (भाषा)।

***संसद की एक समिति ने सोमवार को राजस्व विभाग से कहा कि वह राज्य सरकारों से बात करके 'जमीनी हकीकत' पता लगाए कि पुलिस, वाणिज्यिक कर विभाग और राजमार्ग प्राधिकरण अब भी किन जगहों पर भौतिक चेक-पोस्ट चला रहे हैं, जिससे माल की आवाजाही पर असर पड़ रहा है।***

वित्त संबंधी स्थायी समिति की लोकसभा में पेश 'कार्रवाई प्रतिवेदन' रिपोर्ट में कहा गया है कि अनधिकृत चेक-पोस्ट और वाहनों की नियमित रोक-टोक होने से जीएसटी का मूल सिद्धांत 'एक निर्बाध, अवरोध-मुक्त राष्ट्रीय बाजार' कमजोर होता है।

समिति ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि राजस्व विभाग ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इन मामलों की राज्यों के साथ पुष्टि के लिए आगे कोई कार्रवाई की गई या नहीं, अथवा इस मुद्दे को जीएसटी परिषद के समक्ष उठाया गया या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने अपने जवाब में केवल जीएसटी ढांचे के तहत मौजूदा कानूनी प्रावधानों और तकनीकी उपायों की जानकारी दी है, लेकिन अवैध चेक-पोस्ट की वास्तविक स्थिति पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी।

संसदीय समिति ने कहा, ÷राजस्व विभाग संबंधित राज्य सरकारों के साथ इस विषय को उठाए, जमीनी स्थिति का आकलन करे और जरूरी होने पर इसे जीएसटी परिषद के संज्ञान में भी लाए, ताकि प्रणालीगत समाधान निकाला जा सके। आवाजाही में देरी से परिवहनकर्ताओं की सुरक्षा के लिए पोर्टल आधारित रिपोर्टिंग व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए।÷

इससे पहले मार्च में पेश अपनी रिपोर्ट में भी समिति ने राज्यों में जारी भौतिक चेक-पोस्ट के मामलों को उठाया था। उस समय समिति ने कहा था कि यह जीएसटी व्यवस्था के उद्देश्यों के विपरीत है। राजस्व विभाग ने अपने जवाब में कहा है कि जीएसटी व्यवस्था का उद्देश्य भौतिक बाधाओं और चेक-पोस्ट को समाप्त करना है। केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 68 के तहत केवल 'उचित अधिकारी' को ही माल की जांच के लिए वाहनों को रोकने का अधिकार है।

विभाग का कहना है कि ई-वे बिल प्रणाली और आरएफआईडी जैसे प्रौद्योगिकी-आधारित उपाय पहले से ही लागू हैं, जिससे ऐसे चेक-पोस्ट की अब कोई जरूरत नहीं रह जाती है।

## रुपये में कमजोरी से सर्राफा में चमक; सोना 2,000 रुपये मजबूत, चांदी 5,200 रुपये चढ़ी

नई दिल्ली, (भाषा)।



भारतीय रुपये में आई गिरावट के कारण आयात महंगा होने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में सोने की कीमतों में तेजी जारी रही। सोना 2,000 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, पिछले सत्र में स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमतों में भी फिर से तेजी लौट आई।

सभी करों सहित चांदी 5,200 रुपये की छलांग लगाकर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। चांदी शुक्रवार को 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों का कहना है कि रुपये में आई गिरावट से घरेलू बाजार में आयातित सोना-चांदी महंगा हो गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में मामूली गिरावट ने तेजी को थोड़ा सीमित रखा।

अमेरिकी डॉलर की मजबूती और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच सोमवार को रुपया 11 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.28 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ।

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''हालिया तेजी के बाद वैश्विक बाजार में सोना लगभग स्थिर रहा, लेकिन घरेलू बाजारों में इसमें बढ़त देखी गई।

निवेशक नए आर्थिक संकेतों का इंतजार कर रहे हैं, जिससे सर्राफा की कीमतें मजबूत बनी हुई हैं।''

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना थोड़ा घटकर 4,335.32 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी बढ़कर 63.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा: उत्कृष्ट के विद्यार्थियों ने दिया देश भक्ति का संदेश..





जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार 9 से 17 अगस्त 2026 तक प्रदेशभर में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।***

अभियान के तहत लोगों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में तिरंगा रैली निकाली गई।

विद्यालय परिसर से निकली तिरंगा रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी चौक पहुंची। यहां से रैली पुनः विद्यालय परिसर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण बनाया और नागरिकों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का संदेश दिया।

रैली के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशप्रेम का संदेश दिया। विद्यालय परिसर से लेकर रैली मार्ग तक लोगों ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डीके फुल्लारे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक जीआर चीखले, आरजी नगपुरे, एमडी मेश्राम, एनके मेश्राम, एच दसरिया, ए शेंडे, एमके हरिनखेड़े, दिनेश भोयर सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल रहे।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके सम्मान और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों से अवगत कराया जा रहा है। अभियान के दौरान विद्यालय स्तर पर अन्य जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

# किसान के बेटे-बेटी ने बढ़ाया जिले का मान, परिस्थितियों को चुनौती देते हुए..

### रोहित कृभको में ट्रेनी इंजीनियर, दीक्षा बनेगी डॉक्टर..

जगप्रेरणा लांजी।

जनपद पंचायत लांजी के ग्राम वारी निवासी किसान चमरुलाल लिल्हारे और निशा लिल्हारे के बेटे रोहित लिल्हारे ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे जिले का मान बढ़ाया है। किसान परिवार से आने वाले रोहित ने बचपन से ही पढ़ाई के साथ पिता का खेती-किसानी के काम में हाथ बंटाया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे।

उनकी मेहनत का परिणाम है कि उनका चयन कृषक भारती सहकारी संस्था में प्रशिक्षु अभियंता के रूप में हुआ है।कृषक भारती सहकारी संस्था देश में किसानों के लिए उर्वरक उत्पादन के क्षेत्र में कार्य करने वाली प्रमुख संस्था है। इसके प्रमुख कार्य केंद्र दिल्ली और गुजरात में स्थित हैं। रोहित का चयन इस प्रतिष्ठित संस्था में होना उनके परिवार के साथ-साथ पूरे लांजी क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

### साकेत स्कूल से पढ़ाई, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से बीटेक..

रोहित ने कक्षा 12वीं तक की शिक्षा साकेत पब्लिक स्कूल लांजी से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, श्रीनगर में प्रवेश लिया और रासायनिक अभियंत्रण में बीटेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने स्नातक अभियंता परीक्षा में 358वीं रैंक हासिल की। वर्तमान में वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास से रासायनिक अभियंत्रण में एमटेक की पढ़ाई कर रहे हैं।



इस दौरान रोहित ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, भारतीय परमाणु विद्युत निगम और गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में भी साक्षात्कार दिए। हालांकि शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने निराश होने के बजाय अपनी तैयारी जारी रखी। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और कृषक भारती सहकारी संस्था में प्रशिक्षु अभियंता के रूप में चयन हुआ।

### किसान परिवार से होने पर गर्व..

रोहित ने बताया कि वे किसान परिवार से आते हैं। मध्यमवर्गीय परिवार की परिस्थितियों को देखते हुए उनके मन में हमेशा कुछ बेहतर करने का लक्ष्य रहा। उन्होंने मेहनत को अपना हथियार बनाया और लगातार आगे बढ़ते रहे। उन्होंने बताया कि उनके बड़े पापा मेहतरलाल लिल्हारे, भाई प्रद्युम्न लिल्हारे, पंकज लिल्हारे, सुनील बनोठे, शिक्षकों और दोस्तों ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया। रोहित की बहन दीक्षा भी पढ़ाई में प्रतिभाशाली हैं और वर्तमान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। दोनों भाई-बहन ने अपनी मेहनत और लगन से परिवार का नाम रोशन किया है।

### युवाओं को दिया लक्ष्य तय करने का संदेश..

रोहित ने क्षेत्र के युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि कक्षा 10वीं के बाद अपने लक्ष्य को लेकर गंभीर होना चाहिए। गणित विषय के साथ पढ़ाई करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता के रास्ते में कई बार असफलता मिल सकती है, लेकिन इससे निराश नहीं होना चाहिए। लगातार मेहनत और लक्ष्य के प्रति दृढ़ता ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। रोहित की यह उपलब्धि उनके माता-पिता और परिवार के लिए गौरव का विषय है। साथ ही किसान परिवार से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्था में स्थान हासिल करने से पूरे लांजी क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिली है।

# वार्ड नंबर 4 में वर्षों से रह रहे लोगों को पट्टे दिए जाने की मांग

## एसडीएम को पार्षद प्रेमलता खोबरागडे ने सौंपा ज्ञापन..






जगप्रेरणा लांजी।

***नगर परिषद लांजी के वार्ड क्रमांक 04 भगत सिंह वार्ड में करीब तीन दशक से निवासरत परिवारों को अब तक शासकीय पट्टा नहीं मिलने का मामला सामने आया है।***

लंबे समय से भूमि अधिकार की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को पट्टा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग को लेकर वार्ड पार्षद श्रीमती प्रेमलता संजय खोब्रागड़े ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी को लिखित आवेदन सौंपा है। पार्षद एवं वार्ड वासियों ने आवेदन के माध्यम से खसरा नंबर 121/22, रकबा 0.187 हेक्टेयर भूमि को घास मद से आबादी मद में परिवर्तित किए जाने की मांग की है।

आवेदन में बताया गया है कि उक्त भूमि पर करीब 30 वर्षों से अनेक परिवार निवासरत हैं और उनके मकान भी बने हुए हैं। भूमि आबादी मद में दर्ज नहीं होने के कारण यहां रहने वाले परिवारों को अपने मकानों के संबंध में वैधानिक दस्तावेज प्राप्त करने के साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### विशेष परिषद बैठक में पारित हो चुका है प्रस्ताव..

पार्षद प्रेमलता खोब्रागडे द्वारा सौंपे गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि नगर परिषद लांजी की 28 सितंबर 2022 को आयोजित विशेष परिषद बैठक में खसरा नंबर 121/22 की भूमि को आबादी मद में घोषित किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया था। बैठक में प्रस्ताव को आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला कलेक्टर की ओर भेजने का निर्णय लिया गया था तथा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया था। पार्षद का कहना है कि नगर परिषद द्वारा प्रस्ताव की प्रति जिला कार्यालय को भेजे जाने के बावजूद अब तक भूमि को आबादी मद में दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। इसके चलते वर्षों से निवासरत परिवार आज भी अपने भूमि अधिकार और शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हैं।

### दैनिक गुजरी के पास तालाब किनारे बसे परिवारों का भी मुद्दा..

पार्षद प्रेमलता खोब्रागड़े ने नगर के दैनिक गुजरी के समीप तालाब किनारे निवासरत परिवारों का मुद्दा भी आवेदन में उठाया है। उन्होंने मांग की है कि लंबे समय से वहां निवास कर रहे परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए भूमि संबंधी राजस्व अभिलेखों में नियमानुसार आवश्यक सुधार किया जाए, ताकि पात्र परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

### शीघ्र कार्रवाई की मांग..

पार्षद ने एसडीएम से मांग की है कि खसरा नंबर 121/22 की भूमि को शीघ्र आबादी मद में परिवर्तित करने की प्रक्रिया पूरी की जाए तथा पात्र वार्डवासियों को नियमानुसार शासकीय पट्टा उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही तालाब किनारे बसे परिवारों के मामले में भी नियमानुसार कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। पार्षद ने आवेदन के साथ नगर परिषद द्वारा पूर्व में पारित प्रस्ताव तथा संबंधित खसरे की प्रतिलिपि भी संलग्न की है। अब नजर राजस्व विभाग की कार्रवाई पर है कि करीब तीन दशक से भूमि अधिकार की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों की समस्या का समाधान कब तक हो पाता है।

# सावन सोमवार: आस्था और भक्ति के साथ दूर- दूर से आए कावड़ियों ने चढ़ाया जल..

### जगह-जगह भंडारे में भक्तों ने पाई महाप्रसाद..

जगप्रेरणा लांजी।

***श्रावण मास के दूसरे सोमवार को प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कोटेश्वर धाम में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।***

सुबह से ही भगवान कोटेश्वर महादेव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा धाम परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजता रहा।

### चल रे कांवड़िये कोटेश्वर धाम..

बोल बम सेवा समिति लांजी के तत्वावधान में निकाली जा रही कांवड़ यात्रा के तहत सोमवार को करीब 200 कांवड़िए 42 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर कोटेश्वर धाम पहुंचे। कांवड़ियों ने चहेली सीतापाला छोटी बाघ नदी के उद्गम से पवित्र जल लेकर पैदल यात्रा की और जंगल के कटी ले मार्ग से होकर. पथरीले रास्ते पार करते हुए विभिन्न पडाव ग्रामों को पार करते हुए शाम करीब 06 बजे कोटेश्वर धाम पहुंचकर भगवान कोटेश्वर महादेव का मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया। कांवड़ियों के धाम पहुंचने पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया।








कांवड़ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में शिवभक्ति का माहौल बना रहा। कांवड़िए बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। धाम पहुंचने के बाद कांवड़ियों ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और पवित्र जल अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कांवड़ यात्रा मार्ग पर बोल बम सेवा समिति लांजी के सदस्यों ने कांवड़ यात्रियों के लिए जलपान एवं फलाहार की व्यवस्था की गई। वही मार्ग पर विभिन धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों धर्म प्रेमी गणों के द्वारा भी कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। श्रावण सोमवार के अवसर पर भक्तों सामाजिक एवं धार्मिक संस्था द्वारा कोटेश्वर धाम परिसर में महाप्रसाद का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद वितरित किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

महाप्रसाद वितरण के दौरान संस्था के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा। धार्मिक आयोजन के साथ सेवा कार्य का यह भाव श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। बता दे कि प्रति वर्ष गोंदिया से आय मित्र मंडल ग्रुप के द्वारा श्रावण के दूसरे सोमवार को धाम परिसर मे महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया. भगवान भोलेनाथ को भोग लगा कर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रारंभ किया गया.

### जनपद पंचायत लांजी के सामने महाप्रसाद का आयोजन..

श्रावण मास के दूसरे सोमवार 10 अगस्त को जनपद पंचायत लांजी के सामने कोटेश्वर धाम पंहुच रहे भक्तों, कावडियों, धर्म प्रेमी गणों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया, उक्त आयोजन प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे,पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, दिनेश लाडे, राहुल कालबेले, दुष्यंत उमरे शंकर पारधी, दादू नकटोड़े लेखराज रामटेककर, प्रकाश मेश्राम, उप सरपंच कोमल काड़े, संजय टेंभरे, रुपेश रावते, नवीन शिवनकर, अशोक रामटेक्कर, संतोष नाकतोडे सहित जनपद के सभी सभापति सदस्य, अधिकारी कर्मचारी के सहयोग से उक्त आयोजन किया संपन्न किया गया। श्रावण के दूसरे सोमवार को कोटेश्वर धाम में सुबह से शाम तक भक्तों की आवाजाही बनी रही। भगवान शिव के दर्शन, जलाभिषेक, कांवड़ यात्रा और महाप्रसाद के आयोजन से पूरा कोटेश्वर धाम शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा कोटेश्वर धाम परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। पुलिस बल की तैनाती के साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था सुचारु बनी रही। समय समय पर एसडीएम कमलचंद सिंहसार, तहसीलदार लांजी, नायाब तहसीलदार, थाना प्रभारी मुकेश दुबोलियो, सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतत निरिक्षण किया. साथ ही स्थानीय सेवा भावी लोगों के द्वारा भी धाम परिसर मे प्रशासन के साथ मिलकर व्यवस्थाओं को सम्भालने मे सहभगिता दी।

## हर घर तिरंगा यात्रा अभियान..

# साकेत के एन सी सी कैडेट्स ने निकाली साइकिल रैली..






जगप्रेरणा लांजी।

***साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में 6 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के निर्देशानुसार एवं***

विद्यालय के संचालक संतोष मोरघडे के नेतृत्व में विद्यालय के एनसीसी अधिकारी संदीप कुमार रामटेककर की उपस्थिति में हर घर तिरंगा यात्रा के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स की साइकिल रैली का आयोजन 10 अगस्त को लांजी नगर में किया गया जो साइकिल रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर देश भक्ति उदघोष करते हुए नगर भ्रमण किया गया।

एनसीसी कैडेट्स ने रैली के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया, रैली के समापन अवसर पर विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड़े ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकाली जाने वाली 'तिरंगा यात्रा' स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों, स्कूलों और कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्र के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। साइकिल रैली में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### किसान फसल की निगरानी के साथ खरपतवार नियंत्रण, कीट के साथ रोगों की करे पहचान..






खेत पाठशाला में किसानों को बताए उत्पादन लेने के गुर..

जगप्रेरणा लांजी।

आत्मा परियोजना के अंतर्गत किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से 10 अगस्त को ग्राम खुर्सीटोला में खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने किसानों को खेत में फसल की नियमित निगरानी, कीट-रोग नियंत्रण, खरपतवार प्रबंधन और संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग की जानकारी दी। उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने कहा कि खेत पाठशाला का उद्देश्य किसानों को खेत पर ही व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर वैज्ञानिक खेती के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने किसानों को अनुशंसित मात्रा में कृषि रसायनों का उपयोग करने, उचित सिंचाई एवं नमी प्रबंधन अपनाने तथा गुणवत्तापूर्ण बीजों के प्रयोग की सलाह दी। इस दौरान किसानों की फसल संबंधी समस्याओं का मौके पर समाधान बताते हुए कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के उपाय भी समझाए गए। किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विशेषज्ञों से खेती-किसानी से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए।



मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मनेरी में पेट्रोल पंप पर हथियारबंद बदमाशों की डकैती, 93,875 रू. लूटकर हुए फरार..

## डार्क ब्लू स्कॉर्पियो से पहुंचे 6-7 नकाबपोश बदमाश, कर्मचारियों को कट्टे जैसे हथियार दिखाकर बनाया बंधक; सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश तेज..





जगप्रेरणा मंडला/मनेरी।

***मंडला-जबलपुर सीमा क्षेत्र के पास निवास-बरेला मार्ग पर मनेरी चौकी अंतर्गत अतुलित फ्यूल स्टेशन पेट्रोल पंप पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने डकैती***

की वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। डार्क ब्लू रंग की स्कॉर्पियो से पहुंचे 6-7 बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों को हथियारों की नोंक पर धमकाया और करीब 93 हजार 875 रुपए की नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### रात करीब 2.30 बजे स्कॉर्पियो से पहुंचे बदमाश..

पुलिस के अनुसार घटना रात करीब 2.30 से 2.37 बजे के बीच की है। एक डार्क ब्लू रंग की स्कॉर्पियो पेट्रोल पंप पर पहुंची। वाहन की आगे की नंबर प्लेट नहीं थी, जबकि पीछे की नंबर प्लेट ढंकी हुई थी। वाहन से 6-7 नकाबपोश बदमाश उतरे और पेट्रोल पंप पर मौजूद दो कर्मचारियों को कट्टे जैसे हथियार दिखाकर धमकाया। बदमाशों को हथियारों के साथ देखकर एक कर्मचारी मौके से भाग निकला, जबकि दूसरे कर्मचारी को बदमाशों ने अपने कब्जे में ले लिया। उसके पास रखे करीब 9,400 रुपए छीनने के बाद बदमाशों ने पेट्रोल पंप कार्यालय में रखी दराज से करीब 84,475 रुपए भी निकाल लिए। इसके बाद सभी बदमाश स्कॉर्पियो से फरार हो गए।

### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की गतिविधियां कैद हुई हैं। फुटेज में बदमाशों की संख्या, उनके हुलिए और इस्तेमाल किए गए वाहन से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग पुलिस को मिले हैं। पुलिस आसपास के मार्गों और संभावित भागने वाले रास्तों पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

### पुलिस ने गठित की टीमें, अहम सुराग मिलने का दावा..

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने सोमवार को पेट्रोल पंप पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की हैं। एसपी राजेश रघुवंशी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में वारदात में सात आरोपियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस को घटना से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण इनपुट और साक्ष्य मिले हैं, जिनके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है।

### सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए का इनाम..

पुलिस अधीक्षक ने डकैतों की गिरफ्तारी में मदद करने वाली महत्वपूर्ण और सटीक सूचना देने वाले व्यक्ति के लिए 10 हजार रुपए के नकद इनाम की घोषणा की है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ ही संदिग्ध वाहन और आरोपियों की पहचान में जुटी हैं।

### बीएनएस की धारा 310 के तहत मामला दर्ज..

पुलिस ने हथियारों के बल पर नकदी लूटने की इस वारदात में बीएनएस की धारा 310 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान एसडीओपी नैनपुर मनीष राज, एसडीओपी निवास पीएस वालरे और मनेरी चौकी प्रभारी शशांक शुक्ला सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस की कार्रवाई से अब जल्द ही इस सनसनीखेज डकैती का खुलासा होने की उम्मीद है।

# चलित खाद्य प्रयोगशाला ने खोली मिलावट की पोल, पनीर और अजवाइन के नमूने अमानक मिले






जगप्रेरणा मंडला।

***खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता की जांच को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने जिले में कार्रवाई तेज कर दी है। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम***

से 6 और 7 अगस्त को एवं मंडला शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर खाद्य पदार्थों की प्राथमिक जांच की गई, जिसमें पनीर और अजवाइन के नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। विभाग ने दोनों के लीगल सैंपल लेकर आगे की जांच के लिए कार्रवाई की। 6 अगस्त को विकासखंड नारायणगंज में समीर होटल, जगदंबा डेयरी, पटेल दूध डेयरी एवं मार्ट सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जगदंबा दूध डेयरी, पटेल दूध डेयरी और मार्ट से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर मौके पर प्राथमिक जांच की गई।

### पनीर मानक के अनुरूप नहीं मिला

पटेल दूध डेयरी से लिए गए पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों की जांच के दौरान पनीर निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने मौके पर ही पनीर का लीगल नमूना लिया। इसी तरह नारायणगंज के एक मार्ट से लिए गए खाद्य पदार्थों की जांच में अजवाइन का नमूना अमानक पाया गया। विभाग ने इसका भी लीगल सैंपल लेकर नियमानुसार कार्रवाई की।

### बस स्टैंड पर लोगों को मिलावट जांच की जानकारी दी..

चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से नारायणगंज बस स्टैंड पर आम लोगों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की प्राथमिक जांच के तरीकों की जानकारी दी गई। नागरिकों को खाद्य पदार्थ खरीदते समय गुणवत्ता पर ध्यान देने और मिलावट के प्रति सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया।

### 13.2 किलो घी सुरक्षित अभिरक्षा में रखा..

इसी क्रम में स्मार्ट प्वाइंट मंडला से गोवर्धन घी का नमूना जांच के लिए लिया गया। जांच रिपोर्ट आने तक 13 किलो 200 ग्राम घी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 11,242 रुपए है, को खाद्य कारोबारकर्ता की सुरक्षित अभिरक्षा में सौंपा गया है।

### बीकानेर और मधुराम स्वीट्स से भी लिए सैंपल..

7 अगस्त को मंडला शहर स्थित बीकानेर प्रतिष्ठान एवं मधुराम स्वीट्स, बिछिया तिराहा का भी निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य प्रयोगशाला से यहां खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। साथ ही मधुराम स्वीट्स एवं संबंधित खाद्य प्रतिष्ठान के कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और खाद्य पदार्थों के सुरक्षित रख-रखाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने बताया कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच के साथ ही उपभोक्ताओं को मिलावट के प्रति जागरूक करने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# 108 एंबुलेंस में लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई, 2.30 लाख की पेनल्टी..

## 21 वर्षीय मरीज की मौत के मामले में जांच के बाद प्रोजेक्ट हेड, जिला समन्वयक और ईएमटी पर एफआईआर..




जगप्रेरणा मंडला।

108 एंबुलेंस सेवा में ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं करने और मरीज के परिवहन में लापरवाही के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। जांच में लापरवाही सामने आने के बाद संबंधित एंबुलेंस के एक माह के संपूर्ण परिचालन व्यय की राशि 2 लाख 30 हजार 677 रुपए शास्ति के रूप में काटी गई है। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से 108 एंबुलेंस सेवा के प्रोजेक्ट हेड, जिला समन्वयक और संबंधित ईएमटी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

मामला 29 जुलाई को जिला संस्करण में प्रकाशित समाचार और सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो से सामने आया था। प्रकरण में 21 वर्षीय मरीज की मृत्यु तथा एंबुलेंस में ऑक्सीजन की उपलब्धता से जुड़े आरोपों की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती डीजे मोहंती के निर्देश पर जांच कराई गई।

जांच में सामने आया कि मरीज को एंबुलेंस से ले जाते समय ऑक्सीजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी ईएमटी, जिला समन्वयक और संबंधित संस्था की थी। जांच प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मिशन संचालक को भेजा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मिशन संचालक, भोपाल ने संबंधित संस्था के साथ किए गए अनुबंध की शर्तों के तहत कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस के एक माह के परिचालन व्यय की 2,30,677 रुपए की राशि पेनल्टी के रूप में काटने के निर्देश दिए।

### लापरवाही पर प्रशासन ने भी दिखाई सख्ती..

जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लिया। 108 एंबुलेंस सेवा के प्रोजेक्ट हेड, जिला समन्वयक और संबंधित ईएमटी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता..

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती डीजे मोहंती ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। मरीजों को समय पर सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। 108 एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवा में आवश्यक सुविधाओं और व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना संबंधित कर्मचारियों और सेवा प्रदाता की जिम्मेदारी है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर सद्भावना की मिसाल, दुर्गावती स्मारक परिसर में लगा विशाल भंडारा..

## दूर-दराज से मंडला पहुंचे हजारों लोगों ने ग्रहण किया भोजन प्रसाद, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने संभाली व्यवस्थाएं..



जगप्रेरणा मंडला।

***विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मंडला में सामाजिक समरसता और सेवा भावना की अनूठी मिसाल देखने को मिली। जिले के अलग-अलग***

क्षेत्रों से विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे हजारों लोगों के लिए दुर्गावती स्मारक परिसर में सामाजिक संगठनों की ओर से विशाल सद्भावना भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से देर शाम तक चले भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए मंडला जिले के दूरस्थ गांवों, कस्बों और आदिवासी बहुल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जिला मुख्यालय पहुंचे थे। आगंतुकों की सुविधा और सेवा के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से भंडारे की व्यवस्था की। आयोजन स्थल पर भोजन के साथ पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

### स्वयं सेवकों ने संभाली व्यवस्था

भंडारे में आने वाले लोगों ने अनुशासन के साथ कतार में बैठकर भोजन ग्रहण किया। वहीं आयोजन से जुड़े स्वयंसेवक लगातार व्यवस्थाओं को संभालते रहे। भीड़ को देखते हुए भोजन वितरण से लेकर पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं में कार्यकर्ताओं की टीमें सक्रिय रहीं। भोजन ग्रहण करने पहुंचे लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सेवा, सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

### चार संगठनों की रही प्रमुख भूमिका

सद्भावना भंडारे के आयोजन में भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं राष्ट्रीय मूलनिवासी क्षत्रिय महासंघ का विशेष सहयोग रहा। संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

### सेवा के साथ एकता का संदेश..

आयोजन समिति के अनुसार विश्व आदिवासी दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, संघर्ष और अधिकारों को याद करने का दिन भी है। इसी भावना के साथ भंडारे के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, सहयोग और भाईचारे का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया।

### समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं का योगदान..

आयोजन को सफल बनाने में दशरथ धुर्वे, रामसिंह पंद्रे, पी.डी. खैरवार, दिनेश उईके, विष्णु पंद्रे, पुरुषोत्तम मरावी, केहर सैयाम, दीपक मार्को, शिव पंद्रो, नर्मदा बैरागी, अब्दुल कय्यूम अंसारी, विजय साहू सहित अनेक समाजसेवियों और स्वयंसेवकों का उल्लेखनीय योगदान रहा। सभी ने अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए दूर-दराज से आए लोगों की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाई आयोजकों ने कहा कि आदिवासी समाज की एकता, सम्मान और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के लिए इस तरह के सामाजिक आयोजन आगे भी जारी रखे जाएंगे। सेवा और सहयोग की इसी भावना के साथ आयोजित विशाल सद्भावना भंडारा विश्व आदिवासी दिवस पर सामाजिक एकजुटता और मानवीय मूल्यों का संदेश देता नजर आया।

# देवगांव में पीपीए की मासिक बैठक, 7 नए पेंशनर्स का किया सम्मान..

## संगठन विस्तार और सामाजिक सरोकारों पर हुई चर्चा, एकजुटता का दिया संदेश..



बम्हनी बंजर।

***प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन (पीपीए) इकाई बम्हनी बंजर की मासिक बैठक रविवार को ग्राम देवगांव में वरिष्ठ पेंशनर दादूलाल पटेल के निवास पर आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे पेंशनर्स ने संगठन की***

गतिविधियों, पेंशनर्स की समस्याओं और सामाजिक दायित्वों को लेकर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर नंद कुमार झारिया ने की। मुख्य अतिथि रमेश कछवाहा तथा विशिष्ट अतिथि गणेश सोनी और राजाराम विश्वकर्मा रहे। अतिथियों ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी पेंशनर्स का अनुभव और मार्गदर्शन समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की।

### सात नए सदस्यों का किया सम्मान

बैठक में संघ से नवसंबद्ध 7 पेंशनर्स का सम्मान** किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने नए सदस्यों को अंगवस्त्र पहनाकर संघ परिवार में स्वागत किया। सम्मानित सदस्यों में प्रकाश चन्द्रोल (बम्हनी बंजर), चिरोंजी लाल जंघेला एवं रेवा प्रसाद जंघेला (ढेंको), सरिता चौरसिया (बम्हनी बंजर), मीरा झरिया एवं मैना झरिया (सकवाह) तथा राजकुमारी गोप (ढेंको) शामिल रहीं।

सम्मान समारोह सचिव लोकनाथ सिंगौर, सह सचिव नंदलाल सिंगौर, प्रवक्ता प्रेमवती चक्रवर्ती, प्रचार मंत्री पुष्पा जंघेला एवं संगठन मंत्री जितेन्द्र सिंगौर ने संपन्न कराया। उपस्थित सदस्यों ने तालियों के साथ नवसदस्यों का स्वागत किया।

### पेंशनर्स को संगठन से जोड़ने पर जोर..

अध्यक्ष एवं मंच संचालक जगदीश सिंगौर ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि पीपीए लगातार नए पेंशनर्स को संगठन से जोड़ने का प्रयास कर रही है। संगठन का उद्देश्य पेंशनर्स के हितों की रक्षा के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना और सम्मानजनक जीवन के लिए सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने अधिक से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने की अपील की।

बैठक में पेंशनर्स के स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पारिवारिक सहयोग, वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और समाजहित में उनकी भूमिका पर भी विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव समाज की अमूल्य धरोहर है। मेजबान दादूलाल पटेल एवं उनके परिवार ने अतिथियों और पेंशनर्स का तिलक एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर किशोर गुप्ता, मुन्नालाल तिवारी, कृष्ण कुमार जंघेला, अशोक चन्द्रोल, प्रतभान चन्द्रोल, सोहन सिंगौर, राजकुमार झरिया सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ बैठक का समापन हुआ।

# बम्हनी बंजर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की गैर मौजूदगी की खबर को स्वास्थ्य विभाग ने बताया भ्रामक..

## पोस्टमार्टम के दौरान भी ओपीडी रही संचालित, हंगामे के बाद बुलानी पड़ी डायल-112 पुलिस

जगप्रेरणा मंडला।

***सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी बंजर में 4 अगस्त को चिकित्सकों की अनुपस्थिति को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रसारित खबरों को स्वास्थ्य विभाग ने भ्रामक बताया है।***

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में घटना की वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। विभाग के अनुसार घटना वाले दिन सुबह चार चिकित्सक नियमित ओपीडी में मरीजों का उपचार कर रहे थे। इसी दौरान पोस्टमार्टम के लिए शव लाया गया, जिसका दोपहर करीब 1:30 बजे से 2:30 बजे तक पोस्टमार्टम किया गया। विभाग का कहना है कि इस दौरान भी अन्य चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा ओपीडी सेवाएं संचालित की जाती रहीं।

### हंगामे के बाद बुलानी पड़ी पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक दोपहर करीब 2 बजे कुछ लोगों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए अभद्र व्यवहार किया। स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने डायल-112 पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति शांत हुई और इसके बाद ओपीडी सेवाएं पूर्ववत संचालित होती रहीं।

### स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं होने का दावा..

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि घटना के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं हुई थीं। विभाग के मुताबिक चिकित्सकों की नामौजूदगी और अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं ठप रहने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित जानकारी तथ्यात्मक नहीं है।

विभाग ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अस्पताल में हुई घटना की वास्तविक स्थिति सामने रखते हुए प्रसारित जानकारी को भ्रामक बताया है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# गोविंदराव वंजारी फाउंडेशन के नागपुर रोजगार मेले को युवाओं का उत्स्फूर्त प्रतिसाद..

### 10,457 युवाओं ने कराया पंजीयन, 3,257 की प्रत्यक्ष उपस्थिति, 573 उम्मीदवारों का चयन..

जगप्रेरणा प्रा. राकेश रोकडे/ प्रा. गणेश भदाडे सालेकसा/आमगांव।






***युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अभिजीत वंजारी के मार्गदर्शन में गोविंदराव वंजारी***

फाउंडेशन की ओर से सोमवार, 10 अगस्त को आशीर्वाद बैंक्वैट, वैरायटी चौक, सीताबर्डी, नागपुर में भव्य रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। रोजगार मेले को युवाओं एवं युवतियों का जबरदस्त प्रतिसाद मिला। मेले के लिए कुल 10,457 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया, जबकि 3,257 उम्मीदवारों ने प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर विभिन्न कंपनियों की चयन प्रक्रिया में भाग लिया।

विभिन्न नामांकित कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद कुल 573 उम्मीदवारों का चयन किया गया। इनमें 558 उम्मीदवारों का चयन विभिन्न सहभागी कंपनियों में, जबकि **TCS** में 15 उम्मीदवारों का चयन हुआ। इस रोजगार मेले में 78 से अधिक नामांकित कंपनियों ने सहभागिता की।

**IT, Manufacturing, Banking, Finance, Retail, Automobile, BPO, Service** सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने युवाओं के साक्षात्कार लिए। नागपुर के साथ ही पुणे, मुंबई तथा महाराष्ट्र के अन्य शहरों में भी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। मेले में अधिकतम 12 लाख रुपये प्रतिवर्ष का पैकेज प्रदान किया गया।

रोजगार मेले में **Cyberathon, TCS, Digital Zoo, Mahindra Logistics, Tata Strive, SBI Life, A&is, Coder Technologies, Just Dial** कुल 78 कंपनियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में नागपुर पश्चिम के विधायक विकास ठाकरे, नागपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पफुल गुढ़धे, नागपुर महानगरपालिका के विपक्ष के नेता संजय महाकालकर, कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे, कांग्रेस नेता गिरीश पांडव, नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अभिजीत वंजारी, डॉ. शकील सत्तार, नगरसेवक सुहास मानवटकर सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक, सहभागी कंपनियों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में युवक-युवतियां उपस्थित थे।

विधायक अभिजीत वंजारी ने रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए सहभागी कंपनियों एवं उनके प्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वयंसेवकों तथा विशेष रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर तलाशने वाले युवक-युवतियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा उनके कौशल विकास के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के उपक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# भवभूति महाविद्यालय के भाविक येडे का खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन..

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन..



जगप्रेरणा आमगांव।

***भवभूति महाविद्यालय, आमगांव के बी.एससी. प्रथम वर्ष के छात्र भाविक मुकुंद येडे ने एथलेटिक खेल प्रतियोगिता के 'रेस वॉक' स्पर्धा में जिला स्तर पर***

प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से खेल के क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रोशन हुआ है। भाविक येडे ने अपने निरंतर अभ्यास, कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन खेल कौशल के बल पर यह सफलता हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। उनकी इस उपलब्धि के बाद से महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र की नजरें भाविक के आगामी प्रदर्शन पर टिकी हैं।

भाविक की इस सफलता पर भवभूति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. रहांगडाले, शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. तुषार जुमडे, समस्त प्राध्यापक वर्ग एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। भाविक की इस उपलब्धि से महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है। शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ खेल जगत में भी भवभूति महाविद्यालय लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहा है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा दे रहा है।

### बोले प्राचार्य डॉ. पी. के. रहांगडाले..

'भाविक की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उनके द्वारा हासिल किया गया यह स्थान निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। महाविद्यालय ऐसे होनहार और प्रतिभावान छात्रों को भविष्य में भी हर संभव सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।'

## खेत से सोलर पॅनल का केबल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/8/2026 के रात बघोली मे फर्यादी रमेश कुमार अंजीलाल पटले उम्र 56 वर्ष निवासी बघोली का खेत होकर घटना तारीख के रात अज्ञात चोर ने फर्यादी के खेत और पडोसियो के खेत से सोलर का केबल चोरी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 401/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा सुनिल राऊत पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

## सांप काटने से हुई महिला की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/8/2026 के सुबह 7 बजे के दरम्यान हिवरा मे अनुसया देवाजी पुसाम उम्र 65 वर्ष को जहरिले साप ने काटा उसे उपचार के लिये सहयोग अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर के मेमो पर पोस्टे रामनगर मे अकस्मात मौत क्रमांक 18/2026 धारा 194, भारतीय नागरीक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा राजु वनवे पोस्टे रामनगर कर रहे है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433


## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### जहर पीने से तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/ 7/ 2026 के शाम 4 बजे खमारी मे प्रल्हाद सोहनलाल उईके उम्र 40 वर्ष निवासी खमारी मे जहर पिया उसकी तबियत खराब होने से उसे उपचार के लिये केटीएस अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टर के दिये मेमो पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अकस्मात मौत क्रमांक 26/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा धुवारे पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### घर से गायब हुवे युवक की शमशानघाट मे मिली लाश मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/8/2026 के दोपहर 3 बजे मोहम्मद इकबाल फकीर उम्र 18 वर्ष निवासी काचेवानी यह घर मे किसी को बिना बताये कही चला गया। दूसरे दिन सुबह उसकी लाश बेरडीपार शमशान घाट के पास मिली उसके हाथ पैर मर मारने के निशान थे। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गंगाझरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 15/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोऊपनी अजित धाराव पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी अभिभावकों के BEYOND AB पेरेंट्स ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन..

जगप्रेरणा आमगांव।





***श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा (आमगांव) में आज प्री-प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए* BEYOND ABC – Parents Orientation Workshop *का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास एवं सीखने की प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र वाळ्के ने मार्गदर्शक के रूप में अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों की शिक्षा केवल **ABC** और 123 सीखने तक सीमित नहीं है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी भावनाओं को समझना, जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना, संवाद करना, आत्मविश्वास बढ़ाना, रचनात्मकता विकसित करना तथा उन्हें सीखने के अवसर देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के साथ सीखने की प्रक्रिया को आनंददायी एवं सकारात्मक बनाने के लिए उपयोगी मार्गदर्शन दिया। विद्यालय की प्राचार्या स्मृति छूपरिया ने भी अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों के संस्कार, अनुशासन, सकारात्मक वातावरण और माता-पिता की भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि बच्चे के विकास में घर और विद्यालय के बीच मजबूत समन्वय एवं सकारात्मक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।साथ मे विद्यालय प्रबधक मंडळ से डॉ.विकास जैन, डॉ.लता जैन , डॉ.भाग्यश्री वालके, डॉ. ललित कलंत्री, श्री लीलाधर कलंत्री एव श्री राजेश गोयल उपस्थित थे।

विद्यालय परिवार की ओर से इस सफल एवं ज्ञानवर्धक सत्र के आयोजन के लिए डॉ. जितेंद्र वाळ्के, प्राचार्या स्मृति छूपरिया, समस्त शिक्षकगण एवं सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

# पुलिस स्टेशन गंगाझरी एवं स्थानीय अपराध शाखा, गोंदिया की संयुक्त कार्रवाई..



### गंगाझरी थाना क्षेत्र के मौजा बेर्डीपार श्मशान घाट परिसर में हुई हत्या का खुलासा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***दिनांक 09/ 08/ 2026 को पुलिस स्टेशन गंगाझरी अंतर्गत ग्राम बेर्डीपार के श्मशान घाट परिसर में मोहम्मद इकबाल शाह फकीर, निवासी फकीरटोली काचेवानी का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था।***

इस संबंध में नूरी इकबाल फकीर, उम्र 40 वर्ष, निवासी फकीरटोली काचेवानी की शिकायत पर पुलिस स्टेशन गंगाझरी में मर्ग दर्ज किया गया था। मर्ग की घटना संदिग्ध पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक गोंदिया श्री गोरख भामरे के निर्देशानुसार तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी, सा. तिरोड़ा श्री गुल्हाने एवं स्थानीय अपराध शाखा, गोंदिया के पुलिस निरीक्षक श्री रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा पुलिस स्टेशन गंगाझरी के थाना प्रभारी सहायक पुलिस निरीक्षक धीरज राजूरकर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि उक्त हत्या मौजा काचेवानी एवं गोंडीटोला (कुडवा) में रहने वाले तीन विधि संघर्षित बालकों द्वारा की गई है। प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस स्टेशन गंगाझरी के थाना प्रभारी सहायक पुलिस निरीक्षक धीरज राजूरकर ने तीनों विधि संघर्षित बालकों को हिरासत में लेकर मोहम्मद इकबाल शाह फकीर की मृत्यु के संबंध में पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने बताया कि मृतक के साथ पूर्व से चले आ रहे विवाद के कारण तीनों ने मिलकर हत्या की योजना बनाई। इसके बाद दिनांक 08/08/2026 को शाम करीब 7:30 बजे मृतक को शराब पिलाने के बहाने अपने साथ ग्राम बेर्डीपार स्थित श्मशान घाट परिसर में लेकर आए। वहां उन्होंने मृतक के गर्दन एवं पीठ पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी।

इस स्वीकारोक्ति के बाद परी पुलिस उपनिरीक्षक अजित धाराव, पुलिस स्टेशन गंगाझरी की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस स्टेशन गंगाझरी में धारा 103(1), 61(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

### कार्रवाई में इनकी रही सराहनीय भूमिका..

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक गोंदिया श्री अभय डोंगरे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सा. तिरोड़ा श्री गुल्हाने तथा स्थानीय अपराध शाखा गोंदिया के पुलिस निरीक्षक श्री रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में की गई।

कार्रवाई में पुलिस स्टेशन गंगाझरी के थाना प्रभारी सहायक पुलिस निरीक्षक धीरज राजूरकर, पुलिस उपनिरीक्षक धाराव, परी पुलिस उपनिरीक्षक गवई, पुलिस हवलदार भुरे, पुलिस हवलदार देशपांडे, पुलिस हवलदार कावळे, पुलिस नायक कटरे, पुलिस शिपाई राऊत, पुलिस शिपाई नागपुरे, पुलिस शिपाई जनेवार, पुलिस शिपाई गौतम, चालक पुलिस शिपाई चांदेवार, चालक पुलिस हवलदार बघेले तथा स्थानीय अपराध शाखा के सफौ राजू मिश्रा, पुलिस हवलदार सोमेन्द्रसिंग तुरकर, पुलिस हवलदार रियाज शेख, पुलिस हवलदार महेश मेहर, पुलिस हवलदार भोजराज बहेकार, पुलिस हवलदार इंद्रजीत बिसेन, पुलिस हवलदार राजकुमार खोटेले, पुलिस हवलदार सुजित हलमारे, पुलिस शिपाई हंसराज भांडारकर, पुलिस शिपाई छगन विठ्ले, चालक पुलिस शिपाई मुरली पांडे एवं चालक पुलिस शिपाई इमरान शेख ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





**जगप्रेरणा फोटो कैप्शन**

विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी संस्कृति का दर्शन दिखाई दिया कार्यक्रम मे उमड़ा आदिवासी समुदाय के लोग अपने पारंपारिक वेशभुषा मे सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे थे

छाया- गणेश भदाडे आमगांव।


व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..
बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप मे जोड़कर इसका लाभ हजारो लोगो तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप मे जोड़े और स्वयं और अन्य लोगो को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरो से जोड़े।



दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएँ..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोंस की जांच
■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 मंगलवार 11 अगस्त 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अरुट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# सांसद राजेन्द्र जैन ने राज्यसभा में की नए डिजिटल भारत बैंकिंग कानुन की सराहना

## सहकारी बैंकों को अत्याधुनिक व्यवस्थाओं से युक्त करने की भी कि मांग..

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह से भी मिले सांसद राजेन्द्र जैन..








जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा जिले के नेता सांसद राजेन्द्र जैन अपने जन्मदिन पर 08 अगस्त का दिन क्षेत्रवासियों को देने के उपरांत अपने संसदीय कर्त्तव्य को निभाने फिर 10 अगस्त दिन सोमवार को नई दिल्ली पहुंच गए, और राज्यसभा में सांसद राजेन्द्र जैन ने मोदी सरकार में***

डिजीटल भारत बैंकिग व्यवस्था के लिये नए प्रस्तुत कानुन का समर्थन किया एवं डिजटलाईजेशन के कारण आई पारदर्शिता को देश के विकास के लिये क्रांतिकारी प्रयास बताया।

### सदन मे ओजस्वी शैली मे बोले सांसद राजेन्द्र जैन..

सांसद राजेन्द्र जैन ने राज्यसभा में कहा कि मैं इस बिल के समर्थन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की तरफ से उपस्थित हुआ हूं। 1881 का कानून 2026 के डिजिटल भारत बैंकिंग व्यवस्था के साथ न्याय नहीं कर सकता, इसलिए आदरणीय वित्त मंत्री महोदय ने हमारी सरकार के समर्थन से इस कानून को लाया है। जिस समय कानून बना था उस समय ना कंप्यूटर थे ना इंटरनेट थे ना मोबाइल बैंकिंग थी ना डिजिटल हस्ताक्षर थे। आज स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। भारत दुनिया की सबसे बड़ी रियल टाइम डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई का संचालन कर रही है। सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त 2024-25 में 221.67 बिलियन से अधिक रिटेल डिजिटल भुगतान लेनदेन यूपीआई की हिस्सेदारी 81 प्रतिशत रही। यह हमारे देश के लिए गौरव की बात है और एक उन्नति की बात है। सांसद जैन ने कहा कि आज इस विधेयक के माध्यम से जो न्यायालयिक परिस्थितियां हैं, न्यायालय बार-बार बैंक के अधिकारियों को ना बुला सकेगा। इससे न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी और बैंक के कर्मचारियों का और ग्राहक का भी समय बचेगा। और जब समय बचेगा तो हमारे देश की जो प्रमुख योजनाएं हैं जैसे मुद्रा लोन हो, पीएम एम्प्लाइज गारंटी हो, एआईएफ एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर की जो स्कीमें हैं उन स्कीमों को ज्यादा समय मिलेगा और हम देश की उन्नति प्रगति में भाग ले सकेंगे।

### सहकारी बैको को अत्याधुनिक व्यवस्थाएं देने की कि मांग..

सांसद राजेन्द्र जैन ने आगे कहा कि माननीय वित्त मंत्री महोदय, इस विधेयक के माध्यम से मैं एक बात की ओर और ध्यान दिलाना चाहता हूं कि आज के समय में हम ग्रामीण क्षेत्र में जो सहकारी बैंक चलाते हैं वह सहकारी बैंकों के माध्यम से सबसे ज्यादा शासकीय स्कीम किसानों को लोन और शासकीय स्कीम के माध्यम से हम भी हमारी जो सहकारी बैंक है ग्रामीण क्षेत्र की उनका भी हम आधुनिकीकरण कर रहे हैं। लेकिन सरकार की तरफ से आप अगर उनको व्यवस्था देंगे तो जरूर हमारी बैंक के मजबूत होगी और बैंक यह विधेयक केवल बैंक का रिकॉर्ड का कानून नहीं यह डिजिटल भारत पारदर्शी न्याय व्यवस्था और आधुनिक वित्तीय तंत्र का कानून है। मैं सरकार को इस समयानुकूल पहल के लिए बधाई देता हूं और पूरे विश्वास के साथ इस विधेयक को समर्थन करते हुए सदन में इसे पारित करने का आग्रह करता हूं।

### गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भी मिले सांसद राजेन्द्र जैन..

गौरतलब है कि अपने दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद राजेन्द्र जैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, वहीं देश के गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की, एवं सहकारीता मंत्री के रुप में उनसे राज्य के सहकारी बैंकों को अत्याधुनिक बनाने के संदर्भ में कुछ सुझाव भी दिये, जिसे सुनकर गृहमंत्री अमित शाह ने सुझावों पर हर्ष व्यक्त करते हुए निश्चित ही आधुनिकिकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

## विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासो से एक बार फिर

# 43509 जरुरतमंद परिवारों को चरणबद्ध तरीके से पक्के घर का लाभ मिलना हुआ सुनिश्चित..

### सूची में नाम आने से अब सिर्फ करना होगा अपने नंबर का इंतजार..

### अतिशीघ्र जरुरतमंदो को घरकुल योजना का लाभ मिलना होगा शुरु - बोले विधायक विनोद अग्रवाल



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में जरुरतमंद गरीब परिवारों को शासन की घरकुल योजनाओं के अंतर्गत आवास योजना का लाभ मिले, तथा सभी का अपना अपना पक्का घर हो, शासन की इस योजना का लाभ दिलाते हुए गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा पिछले वर्षो में अब तक***

लगभग 40,000 लाभार्थियों को घरकुल योजना का लाभ दिलाये जाने का कार्य किया गया है, तथा इसके बाद जो अन्य लोग अपने नंबर का इंतजार कर रहे थे, ऐसे नए पात्र 43509 लोगों के भी आवेदनों को स्वीकृत कराने में विधायक विनोद अग्रवाल ने सफलता प्राप्त कर ली है, तथा इन नए पात्र 43509 लाभार्थियों की प्रक्रिया पूर्ण करवाकर शीघ्रातिशीघ्र घरकुल योजना का लाभ विधायक विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासों से जरुरतमंदों को प्राप्त हो सकेगा।

गौरतलब है कि अपने गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के पात्र परिवारों को पक्का एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में विधायक विनोद अग्रवाल पहले भी निरंतर सक्रिय रहे हैं, तथा एक बार फिर शेष रह गए लोगों की एक बहुत बड़ी संख्या में लोगों को लाभान्वित कराने की दिशा में विधायक विनोद अग्रवाल ने सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण पहल में विधायक विनोद अग्रवाल के सतत प्रयासों, सभापति मुनेश रहांगडाले के सहयोग तथा पंचायत समिति एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिन लाभार्थियों की पात्रता एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उन्हें शासन के निर्धारित नियमों एवं प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार घरकुल निर्माण के लिए निर्धारित निधि चरणबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पात्र परिवारों को अपने स्वयं के पक्के घर का निर्माण करने में बड़ी सहायता मिलेगी।

### बोले विधायक विनोद अग्रवाल..

विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए पक्का घर केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का आधार है। गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में कोई भी पात्र परिवार आवास के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए शासन स्तर पर लगातार प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

# हर ओबीसी बनेगा कांग्रेसीः डॉक्टर यशपाल भींगे





जगप्रेरणा गोंदिया।

***पी.बी. मंडल के कारण देश का ओबीसी समाज कुछ प्रमाण में मुख्य प्रवाह में आ सका है, लेकिन आज देश में ओबीसी समाज की जनसंख्या 60 प्रतिशत के आसपास होने के बावजूद भी मंडल आयोग का फायदा सारे समाज को नहीं हो सका है। मंडल आयोग की सिफारिशों के***

मुताबिक 27 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है, किंतु इससे भी आगे समाज को जो सुविधा प्राप्त करनी है, इसके संदर्भ में पिछले वर्ष राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित सभा में यलगार कर ओबीसी समाज की जातिगत जनगणना करने तथा संख्या के आधार पर ओबीसी समाज को सारी सुविधाएं देने की बात की थी। उसी के अनुरूप आज 7 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा पी. बी.मंडल का आभार व्यक्त करने तथा ओबीसी समाज के हर व्यक्ति को कांग्रेस के साथ जोड़ने के लिए पूर्व विदर्भ में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग लक्ष्य पर जुटा है, यह बात गोंदिया स्थित कांग्रेस भोला भवन में 7 अगस्त 2026 को जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराडे की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए डॉ. भींगे ने कही, और उन्होंने अपने संबोधन में हर ओबीसी अब बनेगा कांग्रेसी का नारा दिया।

गौरतलब है कि कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. यशपाल भींगे के नेतृत्व में राष्ट्रीय समन्वयक अजय हट्टेवार, विदर्भ कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग समन्वयक मोरेश्वर भादे के संयोजन में मंडल यात्रा का आयोजन किया गया, जिसके गोंदिया आगमन पर श्री भींगे ने ओबीसी के हितों पर पुरा जोर दिया, और ओबीसी समाज को कांग्रेस के साथ एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिये आहवान किया।

### यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग समन्वयक अजय हट्टेवार, विदर्भ कांग्रेस कमेटी समन्वयक मोरेश्वर भादे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व सचिव पी. जी. कटरे, जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष दिलीप बंसोड़, जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कटरे, राष्ट्रीय ओबीसी विभाग समन्वयक (महिला विंग) विमल कटरे, पूर्व कार्याध्यक्ष अशोक (गप्पू) गुप्ता, कांग्रेस नेता राजकुमार पुराम, महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वंदना काळे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग सचिव भूमेश्वर शेंडे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग सचिव प्रशांत आस्कर, नागपुर शहर कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष प्रशांत पवार, संपर्क प्रमुख राजु देवाड़े, सहकार कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राधेलाल पटले, गोरेगांव तालुका कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष जगदीश येरोला, जिला कांग्रेस कमेटी परिवहन विभाग अध्यक्ष निकेश मिश्रा, महादेव देने, बाजार समिती उपसभापती पप्पु पटले, जीडीसीसी बैंक संचालक बंटी कटरे, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष अमन रोघाटिया, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष जाहिरभाई अहमद, जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग महासचिव जगदीश चुटे, जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग महासचिव जीवनलाल शरणागत, जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग सचिव अजय रहांगडाले, गोरेगांव तालुका महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूमेश्वरी रहांगडाले, गोरेगांव तालुका कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष बब्लू कटरे, गोंदिया तालुका कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष सुशील खरकाटे, गोंदिया शहर कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष विष्णू नागरिकर, खजरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच खोटेलेताई, राजेन्द्र तुरकर, जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग सचिव नरेन्द्र रहांगडाले आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

सभा का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग उपाध्यक्ष घनश्याम बघेले तथा प्रास्ताविक डा.जितेन्द्र कटरे व आभार प्रदर्शन जीवनलाल शरणागत ने किया।

## पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल-नगराध्यक्ष सचिन शेंडे की प्रमुख उपस्थिती में

# राष्ट्रसंत प्रदीप जी मिश्रा की 25 जनवरी से गोंदिया में नियोजित भव्य शिव महापुराण कथा हेतु चर्चा बैठक संपन्न..

### प्रदीपजी मिश्रा द्वारा आयोजित कथा केवल प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट या गोपालदास अग्रवाल का न होकर संपूर्ण गोंदियावासियों का आयोजन - पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल






जगप्रेरणा गोंदिया।

***पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रताप मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी 25 से 31 जनवरी तक गोंदिया में परम पूज्य राष्ट्रसंत श्री प्रदीप जी मिश्रा सीहोरवाले के श्रीमुख से आयोजित भव्य शिव महापुराण कथा के कुशल नियोजन,***

संचालन एवं सक्रिय सहभागीता को लेकर नगर के वरिष्ठ नागरिकों, विभिन्न सेवाभावी संगठनो के प्रतिनिधियों एवं स्वंयसेवकों की भव्य बैठक व चर्चासत्र सफलतापूर्वक श्री प्रताप लॉन में संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि, पंडित प्रदीप मिश्रा की भव्य शिवमहापुराण कथा का आयोजन उनके मार्गदर्शन में जरुर किया जा रहा है। लेकिन यह आयोजन केवल प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट या गोपालदास अग्रवाल का न होकर संपूर्ण गोंदियावासियों का आयोजन है जिसमें सभी गोंदियावासियों को महायज्ञ का लाभ और प्रभु भोलेनाथ का भव्य उत्सव मनाने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि, आगामी 6 माह तक इस विशाल आयोजन की सफलता और आयोजन में सहभागी होनेवाले लाखों श्रध्दालुओं की जिम्मेदारी विभिन्न समितीयों को पुरी ईमानदारी और लगन से उठानी होगी, जिससे गोंदिया के पश्चात पंडित प्रदीप मिश्रा कहीं भी कथा करने जाए तो उन्हें गोंदिया का अपनापन और सुंदर व्यवस्था स्मरण रहे। पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने सभी उपस्थितों का आभार मानते हुए कथा की तैयारियों में जुट जाने का आवाहन किया।

### बोले सचिन शेंडे..

इस अवसर पर विशेष रुप से उपस्थित नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने कहा कि, हमारे नेता आदरणीय गोपालदास जी अग्रवाल किसी भी आयोजन की सफलता के पर्याय माने जाते है। उनका सुदिर्घ अनुभव एवं प्रबंधन कौशल निश्चित रुप से कथा को सफल बनाने में सहायक सिध्द होगा और गोपाल भैया के इस भव्य धार्मिक आयोजन का हर नागरिक को पुण्य मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि, इस दिव्य आयोजन की सफलता हेतु मेरा एवं नगर परिषद का भरपुर सक्रिय सहयोग रहेगा। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन अपूर्व अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मंच में प्रमुख रुप से राम अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, राजेश व्यास, अपूर्व अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, राजेश कनोजिया, विजय कुमार अग्रवाल, गोलु जोशी, पं.पंकज जोशी, मनोज जोशी, दुर्गादास मोर, अजित सिंग, हर्षल पवार, अमर रंगारी, अमित, सुप्रीत बैस, अजित गांधी, सुनिता गुप्ता, चिराग पटले, राजेश चौरसिया, राजा ओझा, इंद्रेश, चंद्रा चुटे, सोनु मानकर, दीपक अग्रवाल, गजेन्द्र कावळे, मितेश ठाकुर, कृष्णा जोशी, तुषार, अजय यादव, गोकुल फाफट, देवकीनंदन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, असित अग्रवाल, धीरज जेठानी, निरज अग्रवाल, फिरोज कच्छी, सिताराम अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सीए कुशल चोपडा, सीए सुनिल अनवानी, पंकज फुंडे, रोहित फुंडे, मुन्ना अवस्थी, करण अग्रवाल, राम भारद्वाज, श्यामा वैद्य, सुभाष कैलाशचंद थरड, अविनाश डेंगरपुरे, प्रविण पाटील, गिरिश देशमुख, श्याम शेंडे, प्रविण रोहनकर, मेघराज बिसेन, बोम्बार्डे, बी.एन.पारधी, ए.आर.ठाकरे, एस.डी.पुरी, एम.पी.नंदेश्वर, सुमधा, भास्कर लाडसे, मुकेश कटरे, हर्षद भांडारकर, अर्पणा सिंग, यु.बी.कोसरकर, मनिष ठाकुर, रवि कटरे, एस.ए. सैय्यद, प्रविण सिंगलजुड़े, गौरी ठाकरे, शेख, पी.आर.अंबुले, विजय मदनकर,डॉ.एस.आर.मुर्ति, जितेन्द्र गायधने, सुनिल बिसेन, सुशील अग्रवाल, योगेश रहांगडाले, दीपक मेश्राम, विनायक मेश्राम, सुरेश दमाहे, साक्षी, सिमा भारद्वाज, विजय कावळे, गायत्री चौधरी, सुधीर गुप्ता, अंकित तिवारी, राजेन्द्र, अर्जुन नागपुरे, वैभव मिश्रा, शैलेन्द्र असाटी प्रमुखता से उपस्थित थे।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
● अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
● शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
● रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com